MPHIN/2021/83938



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः19 | ग्वालियर,मंगलबार 01, अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### महाकाल मंदिर के बाहर हादसा, तेज बारिश के कारण दीवार गिरने से 2 की मौत



मध्य प्रदेश में बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में बड़ा हादसा हुआ है। महाकाल मंदिर के बाहर तेज बारिश के कारण दीवार गिर गई। इस दीवार के नीचे कुछ लोग दब गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, दो घायल का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है। शुक्रवार को तेज बारिश के बीच महाकाल मंदिर के गेट नंबर चार की दीवार गिर गई। मलबे में दबने से कुछ लोग घायल भी हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया।टीम ने घायलों को मलबे से निकाला। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। उज्जैन में शुक्रवार सुबह से बादल छाए थे। दोपहर बाद तेज बारिश होने लगी। जिससे सड़कों पर पानी बहने लगा। अभी भी यहां तेज बारिश हो रही हैं।हादसे के बाद होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची और घायलों का रेस्क्यू किया। मौके से पांच लोगों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें दो बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। घटना महाकाल की शाम को होने वाली आरती से ठीक पहले की है। यहां भारी बारिश के कारण गेट नंबर चार के पास पुरानी दीवार का कुछ हिस्सा गिर गया। दीवार के नीचे खड़े लोग इसके मलबे के नीचे दब गए, जिनका रेस्क्यू किया गया है।महाकाल मंदिर की सुरक्षा में तैनात होंगे 400 जवानमुख्यमंत्री मोहन यादव ने महाकालेश्वर मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए अलग से पुलिस थाना बनाने का फैसला किया है। इसके साथ ही निजी सुरक्षा एजेंसियों के साथ मौजूदा अनुशासन संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए 400 होमगार्ड तैनात किए जाएंगे। 2028 में आगामी सिंहस्थ उत्सव के लिए इस वर्ष के बजट में 500 करोड़ रुपये का कोष आवंटित किया गया है। यहां भगवान राम और भगवान कृष्ण द्वारा अपनाए गए मार्गों का पता लगाया जाएगा और उन्हें एक व्यापक धार्मिक विरासत परियोजना के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, ÷महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन के लिए अलग से थाना बनाया जाएगा। बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के लिए 400 होमगार्ड भी तैनात किए जाएंगे, क्योंकि निजी सुरक्षा एजेंसियों के साथ अनुशासन और अन्य कई तरह की समस्याएं हैं।

### साथ रहना चाहती थी, पति ने किया मना तो कोर्ट की बिल्डिंग से छलांग लगाने लगी युवती



मध्य प्रदेश के ग्वालियर के नवनिर्मित जिला एवं सत्र न्यायालय में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवती कोर्ट की चौथी मंजिल पर जाकर खुदकुशी करने के लिए नीचे कूदने लगी। जैसे ही न्यायालय में मौजूद लोगों की निगाह युवती पर पड़ी तो उसे बचाने के लिए जोर-जोर से चिल्लाने लगे। न्यायालय परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मी और अन्य लोगों ने दौड़ते हुए युवती के पास पहुंचे और उसे बचा लिया। बताया जा रहा है कि युवती का अपने पति से विवाद चल रहा है। इसी को लेकर युवती पति से नाराज होकर कोर्ट की चौथी मंजिल पर जाकर खुदकुशी करने की कोशिश की।

चौथी मंजिल से छलांग लगाने की कोशिश-युवती का पति से विवाद को लेकर मामला न्यायालय में लंबित है। युवती और उसके पति दोनों ही विवाद के बाद से अलग-अलग रह रहे हैं। युवती अपने पति के साथ जाना चाहती है, लेकिन पति ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती गुस्से में आ गई और उसने आत्मघाती कदम उठाते हुए जिला एवं शस्त्र न्यायालय की चौथी मंजिल पर जाकर नीचे छलांग लगाने की कोशिश की। हालांकि, न्यायालय परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने युवती को वहां से नीचे ले आए और बाद में उसको समझा-बुझाकर घर भेज दिया।

**सुरक्षाकर्मियों ने समझाकर घर भेजा**–न्यायालय परिसर की इस घटना की जानकारी विश्वविद्यालय थाना प्रभारी को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचे। तब तक युवती सुरक्षाकर्मियों के समझाने के बाद अपने घर चली गई थी। विश्वविद्यालय थाना प्रभारी उपेंद्र चारी का कहना है कि न तो युवती थाना आई है, न ही कोई शियायत इस प्रकार की सामने आई है और न तो न्यायालय के सुरक्षाकर्मियों की ओर से ऐसी कोई शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि, यह बात सही है कि घटना ग्वालियर जिला एवं सत्र न्यायालय की है और इससे जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। युवती कौन है, कहां की रहने वाली है, इस तरह की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। जैसे ही जांच के बाद कोई बिंदू सामने आता है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मध्य प्रदेश में आपस में भिड़ गए मुसलमानों के दो गुट, एक की मौत, मोहन यादव ने दिए सख्त आदेश

मध्य प्रदेश के शाजापुर में दो पक्षों के बीच बड़े स्तर पर हिंसा हुई है। जानकारी के मुताबिक, जिले के मक्सी इलाके में मुस्लिम समाज के ही 2 गुट आपस में भिड़ गए। इसके बाद दोनों पक्षों की तरफ से जमकर पत्थरबाजी हुई है। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक कई राउंड गोलियां भी चली हैं। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई है और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। इलाके तनाव को देखते हुए पुलिस को तैनात किया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने दिल्ली से पुलिस को सख्त आदेश जारी किए हैं।जानकारी के मुताबिक, शाजापुर के मक्सी में बीजेपी का मेंबरशिप अभियान चल रहा था। एक गुट ने बीजेपी की मेंबरशिप अभियान से जुड़े समीर मेव नाम के युवक को उसी के घर में घुसकर मारा पीटा,





जिसके बाद मुस्लिम समाज के दो गुट आपस में बुरी तरह भिड़ गए। फायरिंग में एक शख्स की मौत गई है जबकि 6 लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। फिलहाल इलाके में भारी तादाद में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

**सीएम मोहन यादव ने ली जानकारी-**

शाजापुर जिले के मक्सी में दो पक्षों के बीच विवाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घटना के संबंध में दिल्ली से फोन पर उज्जैन आईजी और कमिश्नर से ली जानकारी ली है। सीएम के निर्देश पर उज्जैन आईजी और कमिश्नर ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज पर पुलिस की नजर है। घटनास्थल के आस-पास भीड़ ना जमा होने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**बाजार बंद–स्कूलों की छुट्टी–**

शाजापुर के मक्सी में दो पक्षों के उपद्रव के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए बाजार बंद हैं। साथ ही स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। प्रशासन ने 28 सितंबर तक के लिए इलाके में धारा 163 लगा दी है। इलाके में चार जिलों की पुलिस फोर्स समेत उज्जैन संभाग की पुलिस फोर्स भी तैनात है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस सीसीटीवी फुटेज और विवाद के वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करेगी।

### हॉस्टल में टंकी से पानी भरते समय करंट लगने से 2 छात्रों की मौत, दो अधिकारी सस्पेंड



मध्य प्रदेश के धार जिले में सरकारी छात्रावास में करंट लगने से दो आदिवासी छात्रों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने बुधवार को छात्रावास के अधीक्षक और आदिवासी कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त को सस्पेंड कर दिया है और मामले की जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात को जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर रिंगनोद में राज्य अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ छात्र छात्रावास में हुई।सहायक आयुक्त बृजकांत शुक्ला ने बताया, ÷पानी की टंकी के पास बिजली का तार गिर गया। जब 17 वर्षीय विकास और आकाश टंकी से पानी लेने गए तो वे तार के संपर्क में आ गए।÷ उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में शुक्ला को निलंबित कर दिया गया।छात्रावास अधीक्षक और सहायक आयुक्त निलंबितमध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने अधिकारियों को मामले की गहन जांच करने और दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से सभी छात्रावासों में निवारक कार्रवाई करने को कहा है, ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंत्री के निर्देश पर इंदौर संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने सहायक आयुक्त बृजकांत शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने छात्रावास अधीक्षक बनसिंह कन्नौज को निलंबित कर दिया

## रेल ब्रिज पर बैठकर बात कर रहे थे युवक–युवती, तभी आ गई ट्रेन

बालाघाट मुख्यालय में बैनगंगा नदी के रेलवे ब्रिज पर एक हादसा हो गया। यहां रेलवे ब्रिज पर एक युवक



व युवती पटरी पर बैठकर आपस में बात कर रहे थे। इसी बीच अचानकर ट्रेन आ गई। जब तक युवक और युवती ने पटरी से भागने का प्रयास किया तब देर हो चुकी थी। दोनों वहां से भागने की कोशिश की। इस कोशिश में युवती नदी में गिर गई जबकि युवक पटरी पर ही भागता रहा। हालांकि ट्रेन के लोको पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को रोक दी। फिर पटरी पर बदहवास भाग रहे उस युवक को उसी ट्रेन में बैठाया गया और ट्रेन को ब्रिज से पीछे रिवर्स लेकर उसे अस्पताल पहुंचाने में मदद की गई। बताया जाता है कि हटटा थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक संजय पांचे मोटर साइकिल से एक युवती के साथ बालाघाट में बैनगंगा नदी के रेलवे पुल पर पहुंचा था। दोनों बाइक को छोड़कर करीब सौ मीटर दूर रेलवे ब्रिज की पटरी पर बैठ गए और बात करने लगे। इसी दौरान बालाघाट से कटंगी की ओर जाने वाली ट्रेन पहुंच गई। यह ट्रेन तेज गति से आ रही थी। अचानक ट्रेन को आते देख दोनों युवक व युवती घबरा गये और वे भागने का प्रयास करने लगे। इस बीच युवती असंतुलित होकर बैनगंगा नदी में गिर गई और युवक संजय पाचें भागने का प्रयास करने लगा। दोनों युवक और युवती को इस तरह बदहवास देखकर ट्रेन के लोको पायलट ने ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इससे युवक बाल-बाल बच गया। युवक संजय पांचे को बैठाकर ट्रेन को कुछ दूर वापस लाया गया और इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। युवक के शरीर में कुछ चोटें आई हैं। वहीं इस घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बैनगंगा नदी में पानी होने के कारण युवती का पता नहीं चल पाया है। युवती के बारे में जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी हैं। घायल युवक फिलहाल कुछ बताने में असमर्थ हैं।

## 2 गज जमीन भी नसीब नहीं! मुक्तिधाम पर दबंगों का कब्जा, परिजनों ने पंचायत भवन में बनाई चिता, वो भी अधिकारियों ने हटवाई

**सरकारी कर्मचारी को नसीब नहीं हुई दो गज जमीन**

पन्नाः मध्य प्रदेश की सरकार जन्म से लेकर मरने तक की कई योजनाएं चला रही है लेकिन पन्ना जिले के हालात कुछ और ही नजर आ रहे हैं। जिले की सबसे बड़ी ग्रामपंचायत इटवांकला में एक सरकारी कर्मचारी को मरने के बाद अंतिम संस्कार के लिए दो गज जमीन तक नसीब नहीं हुई।जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत के छात्रावास में पदस्थ कर्मचारी की बीमारी के चलते मौत हो गई लेकिन परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए पंचायत में मुक्तिधाम न होने से दो गज जमीन नहीं मिली। परिजनों व ग्रामीणों ने मिलकर पंचायत में अंतिम संस्कार के लिए लकर्ि?या डाल दी। लेकिन भनक लगते ही अधिकारियों ने चिता को हटवा दिया। बताया जा रहा है कि बीती सोमवार की रात्रि छात्रावास में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भैयालाल चौधरी की मृत्यु



हो गई थी। मंगलवार की सुबह परिजनों जब अंतिम संस्कार की तैयारी की तो पता चला कि जहां चौधरी समाज पहले से अंतिम संस्कार करते रहे है। वहां गांव के दबंगो ने अवैध कब्जा कर खेती करना शुरु कर दिया। मुक्तिधाम गांव में है ही नहीं। ऐसे में परिजनों को ग्रामीणों ने पंचायत भवन में ही अंतिम संस्कार के लिए लकर्ि?यां डाल दी। सरपंच व सचिव ने सभी को मौके पर पहुंचकर समझाया और फिर परिजनों ने अतिक्रमण वाली जमीन में ही अंतिम संस्कार किया।मृतक के भाई चिरौंजी लाल चौधरी ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार हम कब तक परेशान होंगे। मुक्तिधाम जल्द से जल्द बन जाए तो यह समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। वहीं ग्रामपंचायत सचिव गणेश कुशवाहा ने कहा कि इटवांकला कला में एक मुक्तिधाम मौजूद है।

## पैरालंपिक में पदक जीतने वाले मध्य प्रदेश के खिलाड़ी हुए मालामाल, सीएम बोले- सरकारी नौकरी भी मिलेगी



भोपालः मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाले प्रदेश तीन खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी और एक-एक करोड़ रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने लगातार सभी क्षेत्रों में प्रगति की है, चाहे वह ओलंपिक हो या पैरालिंपिक। आज हमारे अपने मध्य प्रदेश के तीन बच्चों ने पैरालंपिक में पुरस्कार जीते हैं। सीएम मोहन यादव ने कहा कि हमने ओलंपिक गए बच्चों के लिए एक करोड़ रुपये और नौकरी देने की घोषणा की थी। आज पैरालंपिक में प्राची, पूजा और कपिल को एक-एक करोड़ देने की घोषणा करते हैं। इन्हें भी सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। उधर, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक की और कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दशहरा उत्सव शस्त्र पूजा के साथ मनाया जायेगा और सभी मंत्री जिलों के पुलिस शस्त्रागार में भाग लेंगे. मुख्यमंत्री दशहरे पर नारी शक्ति के सम्मान के प्रतीक के रूप में लोकमाता अहिल्या देवी की राजधानी महेश्वर में शस्त्र पूजन करेंगे।

बैठक के दौरान अपने संबोधन में डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंत्रिपरिषद की बैठक 5 अक्टूबर को दमोह जिले के सिंहरामपुर में होगी। ऐसा राज्य सरकार द्वारा रानी दुर्गावती के प्रति सम्मान स्वरूप किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सिंहरामपुर रानी दुर्गावती की राजधानी रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सोयाबीन उपार्जन के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है और सभी मंत्री एवं जन-प्रतिनिधि अधिक से अधिक संख्या में किसानों का नामांकन सुनिश्चित करें।

## इजरायली पीएम नेतन्याहू से बात करेंगे जो बाइडन, बोले- मिडिल-ईस्ट में रोकनी होगी जंग



हाल ही में हिजबुल्लाह के चीफ नसरल्लाह की इजरायली हमले में मौत हो गई। इसके बाद भी इजरायल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा कि वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करेंगे। उनका मानना है कि मिडिल-ईस्ट में पूर्ण युद्ध से बचा जाना चाहिए। वाशिंगटन के लिए एयरफोर्स वन विमान में सवार होते समय बाइडन ने ये बात कही। जो बाइडन ने कहा, ''ऐसा होना ही चाहिए। हमें वास्तव में इसे रोकना है।''राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रविवार को लेबनान में इजरायल के हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह नेतन्याहू से कब बात करेंगे। इजरायल ने चरपंथी समूह हिजबुल्लाह के कमान पर कई हमले किए हैं और ऐसे ही हमले में उसका अध्यक्ष हसन नसरल्लाह भी मारा गया है। अमेरिका नसरल्लाह की मौत को हिजबुल्लाह के लिए एक बड़ा झटका मानता है। साथ ही, अमेरिकी प्रशासन ने सावधानी से कदम उठाने की कोशिश की है, क्योंकि उसने हमास के साथ इजरायल के युद्ध को रोकने की कोशिश की है, जो हिजबुल्लाह की तरह ईरान द्वारा समर्थित है, ताकि यह एक व्यापक युद्ध में न तब्दील हो।बता दें कि नरसल्लाह की मौत के बाद अब इजरायली सेना ने हूतियों पर भी हमला कर दिया है। कहा जा रहा है कि इजरायल अब अपने बड़े दुश्मनों पर एक-एक कर वार कर रहा है। हिजबुल्लाह, हमास और अब यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ वह एक साथ लड़ रहा है।

# बदलते मौसम में ना करें लापरवाही, बच्चों का यूं रखें ख्याल, वायरल बुखार से होगा बचाव... प्रमोद शर्मा बीएमओ अम्बाह

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह??**

अम्बाह... कई शहरों में आज बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है, लेकिन इस बारिश से वायरल का खतरा बढ़ गया है। बारिश के बाद मौसम में बदलाव हो रहा है। तेज बारिश के बाद गर्मी से तो राहत मिल जाती है, लकिन बदलता मौसम कई बीमारियों का कारण बनता है। इस तरह के बदलते मौसम में सबसे ज्यादा वायरल बुखार परेशान करता है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही बीमारी का कारण बन सकती है। इस दौरान बच्चों का खास ख्याल रखना चाहिए। यहां जानिए इस बुखार से बच्चों को कैसे बचाएं-

### वायरल फीवर से बच्चों को कैसे बचाएं

1) बदलते मौसम में अगर बच्चा वायरल फीवर की चपेट में आ जाए तो सबसे जरूरी है कि बच्चे को आराम करने दें।



वह जितना आराम करेग, उतनी ही जल्दी बेहतर महसूस भी करेगा।

2) बच्चे को फीवर आ जाने पर सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें। घरेलू इलाज से बचें और खुद से दवाई दे देना भी सही नहीं है। डॉक्टर की सलाह से ही बच्चे को दवाई दें और कोर्स पूरा करें।

3) बच्चे को वायरल फीवर से बचाने के लिए उसकी संगत को देखें। अगर उसके किसी दोस्त को पहले से ही बुखार, सर्दी खांसी है, तो उससे दूर रहने को कहें।

4) आप हमेशा बच्चे के साथ नहीं रह सकते हैं, ऐसे में बच्चे को स्कूल भेजते समय मास्क लगा कर भेजें। उसे कहें की वह समय-समय पर अपने हाथों को धोए और सैनिटाइज करे।

5) बच्चों को किसी भी तरह की बीमारी से बचाने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उसे एक अच्छी डायट दें। जब बच्चा फिट और हेल्दी खाना खाएगा तो उसकी इम्यूनिटी पॉवर अच्छी रहेगी।

6) फीवर से निपटने का सबसे बेस्ट तरीका है कि आप पानी और फ्लूइड्स की मात्रा को बढ़ा दें। अगर फीवर नहीं भी है तो भी ऐसा करना अच्छा है।

### क्या होते हैं वायरल फीवर के लक्षण

-अगर बच्चे को तेज बुखार के साथ ही आंखों में जलन, सिरदर्द, गले में खराश और बदन दर्द के साथ कमजोरी हो रही है तो समझ लें की बच्चा वायरल फीवर की चपेट में आ गया है। ऐसे में बच्चे को तुरंत डॉक्टर को दिखाएं

## शिक्षक कभी सेवा से निवृत नहीं होता प्राचार्य -बिष्णुपाल सिंह।

# थरा के लोगों के प्यार , स्नेह व सम्मान का हमेशा रहूंगा ऋणी -कुशवाह।

**थरा शासकीय बालक प्राथमिक शाला के, शाला प्रभारी राजकुमार कुशवाहा जी को सेवानिवृत्ति होने पर दी भावभीनी विदाई।**



अंबाह। शिक्षक को देश का निर्माता, भविष्य का निर्माता कहा जाता है। शिक्षक कभी भी अपने मन, क्रम और वचन से सेवानिवृत्ति नहीं होता है अपने जीवन के , सेवा काल में के साथ साथ सेवाकाल के बाद भी अनेक बालकों का भविष्य सुधारने का कार्य करता है साथ ही उसके बाद भी हमेशा अपने आसपास के युवाओं को प्रोत्साहन करता रहता है व व्याभिचार से बचाता है यह बात आज थरा विद्यालय के प्राथमिक शाला प्रभारी के सेवानिवृत्ति के मौके पर जन शिक्षा केंद्र के प्राचार्य विष्णु पाल सिंह तोमर ने कही। वहीं इस मौके पर के भरे हुए गले से,नम आंखों से यहां लोगों के प्रेम और सम्मान का हमेशा ही ऋणी रहूंगा यह बात सेवानिवृत्त शिक्षक राजकुमार कुशवाहा ने कही हम आपको बता दें कि प्राथमिक विद्यालय थरा शाला प्रभारी शिक्षक का सेवा निवृत्त कार्यक्रम संपन्न हुआ मौके पर हायर सेकेंडरी प्राचार्य विष्णु पाल सिंह तोमर, प्राथमिक विद्यालय का स्टाफ विश्वजीत सिंह श्रीमती सुनीता गुर्जवार , रवि सिंह, संजय सिं,ह, सुधीर शर्मा ,जगमोहन सिंह चौहान, रविंद्र सिंह तोमर , ऊषा तोमर, कुलदीप दादोरिया, लाल बहादुर शर्मा, राजेश सिंह तोमर, राजीव शर्मा, उदयभान सिंह तोमर, नीलेश शर्मा ,सोनू सिंह तोमर सहित समस्त जन शिक्षा केंद्र थरा के शिक्षक, पूर्व शिक्षक व ग्रामीण जन मौजूद थे सभी ने पुष्प पहले पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई ।

# भिण्ड पुलिस द्वारा सायबर सिक्योरिटी कार्यशाला आयोजित की गई





**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत जैन महाविद्यालय भिण्ड में भारत सरकार के खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा मेरा युवा भारत (माय भारत) थीम के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला आयोजित की।थाना प्रभारी ट्रैफिक रक्षित निरीक्षक राघवेन्द्र भार्गव,थाना प्रभारी महिला उपनिरीक्षक कॉति राजपूत व प्रभारी साइबर सेल एएसआई सत्यबीर सिंह व आरक्षक आनन्द दीक्षित,आरक्षक राहुल यादव,आरक्षक हरपाल चौहान ने संबोधित किया । छात्राओं को साइबर अपराधों से जुड़ी सावधानियाँ, क्याकरें,क्या न करें और वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों के प्रति जागरूक किया गया। महिला सुरक्षासम्मान जागरूकता और साइबर अपराधों में साइबर हेल्प लाइन, एनसीआरपी पोर्टल के उपयोग,दूरसंचार विभाग के सीईआईआर डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट साइवर डॉट गवर्नमेंट डॉट इन एवं फाइनेशियल संबंधी साइवर क्राइम डॉट गवर्नमेंट डॉट इन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें अथवा 1930 कॉल का शिकायतदर्ज करायें एवं से मोबाईल मिसिंग व ट्रेसिंग, साइबर अपराध के नए तरीके डिजिटल अरेस्ट,सेक्सटोर्शन अश्लील वीडियों कॉल कर होने वाली ठगी, फिशिंग यानी लालच दिखाकर ठगी,ऑनलाइन गेम्स, फर्जी स्कीम से करोड़पति बनने के लालच, सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द्र के विरूद्ध होने वाली पोस्ट, सोशल ट्रोल शेयर व समर्थन करने से होने वाले अपराधों आदि के प्रति सतर्क किया गया।साथ ही अच्छे नागरिक गुणों को कैसे विकसित करें, व्यक्तित्व विकास हेतू महाविद्यालय शिक्षा के साथ साथ अन्य शैक्षणिक गतिविधियों एनसीसी, एनएसएस, युवा महोत्सव गतिविधियों, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक व साहसिक गतिविधियों में प्रतिनिधित्व करने, समाचार पत्रों, रेडियो कार्यक्रम को नियमित रुप से पढ़ने, सुनने के लाभ, जीवन व कैरियर में आगे कैसे बढ़े विषयों को लेकर उत्साहवर्धन, काउंसिलिंग व गाइडेंस किया गया। साथ साथ संपूर्ण साइबर सुरक्षा के सम्बंध में पॉम्पलेट वितरित कर महाविद्यालय परिसर में चस्पा कराए गए। कार्यशाला में प्राचार्या डॉ अनीता जैन जी, जिला खेल अधिकारी श्री रामबाबू यादव, रासेयो इकाई कॉर्डिनेटर, व मुख्य वक्ताओं के गरीमामय उद्बोधन को 400 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सुना।

## दतिया जिले में पदस्थ होकर सेवा निवृत्त हुये कार्यवाहक सउनि राजेंद्र सिंह एवं कार्यवाहक सउनि चंद्रेश सिंह का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया



**संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

दिनांक 30/09/2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवा निवृत्त हुये 02 पुलिस कर्मियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों से नौकरी के दौरान उनके अनुभवों को भी साझा किया। इस मौके पर रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी, निरीक्षक रामराजा तिवारी सहित कार्यालयीन स्टाफ एवं सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी व उनके परिजन उपस्थित पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उनके बेहतर स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक दतिया द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से उनकी सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यों की जानकारी ली

# कायाकल्प योजना 2.0 के अन्तर्गत खण्डवा रोड़ को मिली 2.30 करोड़ रुपये की सौगात

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी योजना कायाकल्प 2.0 योजना अन्तर्गत शहर के खण्डवा रोड़ पर भगतसिंह चौराहे से युवराज होटल तक रोड़ के दोनो साईड सी.सी. रोड़ का निर्माण 2.30 करोड़ से कराया जा रहा है। जिसकी लंबाई 490 मीटर है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एमआर निगवाल द्वारा बताया गया कि रोड़ का निर्माण दिपावली पर्व के पूर्व तक हो जाने की संभावना है। रोड़ के निर्माण से शहर के व्यस्ततम मार्ग पर वाहनों को यातायात की सुगमता होगी तथा खण्डवा रोड़ के आसपास की विभिन्न कॉलोनीवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। रोड़ की सौगात मिलने पर शहरवासियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।



# सात राज्यों के बुद्धिजीवी आज से दो दिन भिंड में, लो.स.पा. के राष्ट्रीय चिंतन शिविर में विश्व संसद को लेकर करेंगे चर्चा

## सरकार ने तीन मेडिकल कॉलेज को पैसा दिया, भिंड के मेडिकल कॉलेज के लिए क्यों नहीं - रघु ठाकुर

**रघु ठाकुर ने प्रेस वार्ता के माध्यम से भिंड जिले में अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों एवं टूटे हुए मकान मालिकों को एक-एक लाख रुपए का मुआवजा देने की, सरकार से की मांग।**

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

भिण्ड। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के द्वारा भिण्ड शहर में पहली बार राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं और यह शिविर एक अक्टूबर से 2 दिन तक 2 अक्टूबर तक चलेगा शिविर का समापन गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को किया जाएगा। शिविर में देश एवं दुनिया के गंभीर विषयों पर सात राज्यों के समाजवादी विचारधारा के बुद्धिजीवी एक साथ बैठकर चर्चा करेंगे। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय चिंतन शिविर की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं इसी को लेकर 30 सितंबर को देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक श्री रघु ठाकुर जी के द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इस प्रेस वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भिंड शहर में पहली बार लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी का 2 दिन का राष्ट्रीय चिंतन शिविर आयोजित हो रहा है जिसकी शुरुआत 10:00 बजे 1 अक्टूबर को सुबह भिंड शहर के सिटी पैलेस गार्डन में ग्वालियर रोड पर होगी।

1 अक्टूबर को चार सत्र होंगे। पहला सत्र उद्घाटन सत्र इसके अलावा तीन सत्र और होंगे, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर तीन सत्र किए जाएंगे। 2:00 बजे शिविर का समापन होगा। उन्होंने पत्रकार साथियों से अपील करते हुए कहा है कि आप सभी लोग शिविर के सहभागी बने। ताकि जान सकें कि हम किस प्रकार विचार के लिए काम कर रहे हैं। आप लोग भी इस शिविर में हिस्सेदारी करें। इस शिविर में सात राज्यों के समाजवादी विचारधारा के बुद्धिजीवी लोग पहुंच रहे हैं जिनमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश आदि हैं।यह एक गंभीर चिंतन शिविर होगा जिसमें देश की वर्तमान समस्याएं, दुनिया की वर्तमान समस्याएं उन समस्याओं का हल क्या हो सकता है, उनके रास्ते क्या हैं उनकी क्या नीतियां हैं, विदेश नीति क्या है, विदेश नीति कैसी होनी चाहिए, जो बड़े राष्ट्रीय उच्च स्तर के सवाल हैं उन पर चर्चा गहन चर्चा होगी। हम सब आपको भी इस राष्ट्रीय चिंतन शिविर में आमंत्रित करते हैं। इससे पहले प्रेस वार्ता के माध्यम से श्री ठाकुर जी ने कहा कि पिछले दिनों जिले में हुई वर्षा से भिंड जिले की कई तहसीलों गांवों में पानी भर गया। सरकार की ओर से जो मदद होनी चाहिए थी, वह नहीं की गई।, गोहद तहसील की स्थिति इतनी दुखद है कि वहां लगभग 3 किलोमीटर खेतों में पानी भर गया। निर्माणाधीन अस्पताल डूब गया, सरकारी बंगलो, कार्यालयों, लोगों के घरों तक मैं पानी भर गया। नगर एवं गांवों की कई निचली बस्तियों को खाली कराया गया। किसानों के खेतों में खड़ी फसल पानी में डूब गई। किसानों के द्वारा प्रशासन से खेतों में से पानी निकालने के लिए मशीन मांगी ताकि खेतों से पानी निकाला जा सके परंतु किसी भी विभाग ने उन्हें मशीनों को नहीं पहुंचाई और तीन दिन तक किसानों ने अपने पैसे से नहरों को काटकर उनकी सफाई कराई। खेतों से पानी को निकाला। हमने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को पत्र लिखा है हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को भी सूचित किया है और मांग की है कि जिन किसानों के खेत डूबे हैं उन किसानों को कम से कम एक-एक लाख रुपए का फौरी मुआवजा तत्काल दिया जाए और पानी की निकासी पर जो पैसा उनका लगा है वह पैसा भी उनको सरकार द्वारा वापस किया जाए। इसी प्रकार से यहां लगभग 4000 घर आम आदमी के टूटे हैं।? जिनके घर टूटे हैं उनके पास रहने के



लिए जगह नहीं है। हमने सरकार से जिनके मकान टूटे हैं उनको भी कम से कम एक-एक लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने की मांग की है और फिलहाल उनके खाने रहने की व्यवस्था हो जाए इसके लिए 10-10 हजार रुपए की मदद फौरी तौर पर तत्काल उनको करे यह मांग भी की है।

### उन्होंने पूर्व से घोषित भिंड-

महोबा रेलवे लाइन को लेकर कहां कि भिंड में काफी क्षमताएं हैं परंतु भिंड के लिए जो कनेक्टिविटी होनी चाहिए उस पर सरकार ने काम नहीं किया। हम लोगों ने काफी संघर्ष के बाद एक रेल लाइन यहां के लिए मंजूर कराई थी और हमें याद है कि रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा जब यहां आए थे तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से ऐलान किया था कि भिंड से होते हुए लहार के पास से बांदा होते हुए रेल लाइन डाली जाएगी। भारत सरकार ने उस रेल लाइन के लिए एक पैसा भी नहीं दिया जबकि कई ऐसे इलाकों पर पैसा खर्च किया जा रहा है, बुलेट ट्रेन के नाम पर तो आप 10 हजार करोड रुपए खर्च कर रहे हैं परंतु 400 किलोमीटर की लंबी रेल लाइन जो इस इलाके से डाली जानी थी जहां पिछड़ा व गरीब इलाका है उसके लिए अपने एक पैसा तक नहीं दिया। भारत सरकार और प्रधानमंत्री से हमारी यह अपील है कि आप भिंड महोबा रेल लाइन के काम को भी भी शुरू करें ।लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की बैठक में हमने तय किया है कि रेल लाइन की मांग पूरी नहीं हुई तो हम भिंड रेलवे एवं दिल्ली में धरना देंगे। श्री ठाकुर ने भिंड में मेडिकल कॉलेज को लेकर कहा कि पिछले दिनों भिंड बंद किया गया था उसमें सभी का समर्थन मिला उसका परिणाम यह हुआ कि मध्य प्रदेश सरकार ने ऐलान किया था कि भिंड में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। अभी जो पैसा भारत सरकार से आया है उस पैसे से तीन मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं उनमें भिंड का नाम नहीं है। यहां के जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायकों से मैं कहना चाहूंगा कि आपकी नुमाइंदगी का मतलब क्या है। उन्होंने विधायकों व सांसदों से कहा कि आप लोग अपने अन्य कार्यों के साथ-साथ यह मांग भी करें कि हमारे यहां मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं खुल रहा इसमें क्या कोई परेशानी है। सतना व जबलपुर में मेडिकल कॉलेज हैं कटनी में शुरुआत हो रही है तो भिंड का क्यों नहीं शुरू कर रहे, भिंड में भी मेडिकल कॉलेज की शुरुआत करनी चाहिए जब कि पैसा भारत सरकार दे रही है। तीसरे विश्व युद्ध को लेकर श्री ठाकुर ने कहा कि दुनिया जहां जा रही है भारत का दायित्व है क्योंकि भारत में वह महान लोग पैदा हुए हैं जिन्होंने दुनिया को रास्ता बताया है। बुद्ध भारत में पैदा हुए, गांधी भारत में पैदा हुए, लोहिया भारत में पैदा हुए, आज इजराइल और हमास की जो लड़ाई है वह फैल रही है अब हिजबुल्ला और लेबनान, ईरान तक पहुंच गई है। जो रूस और यूक्रेन का टकराव है यह भी फैल रहा है। अब यूरोप और अमेरिका भी इसमें शामिल हो रहे है यह जो गंभीर स्थितियों हैं इसके बारे में सारी दुनिया को चिंता है। ऐसा लग रहा है कि हम लोग एक नए विश्व युद्ध की ओर जा रहे हैं। शायद यह द्वितीय विश्व युद्ध से भी बड़ा युद्ध होगा। हम चाहते हैं कि इस पर कोई हल सोचा जाए। गांधी एवं लोहिया ने इसके लिए सुझाव दिया है। हम इस पर राष्ट्रीय चिंतन शिविर में चर्चा करने वाले हैं कि दुनिया की एक निर्वाचित विश्व सांसद बने जिसमें सारे दुनिया के मौलिक मताधिकार वाले लोग हैं उनके द्वारा यह विश्व ससद का गठन हो। वह विश्व संसद ही इस समस्या का हल कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र संघ विफल हो चुका है, जो सिक्योरिटी काउंसिल है वह पक्षपात पूर्ण है इससे कोई हल निकलने वाला नहीं है। अब एक नई अंतरराष्ट्रीय संस्था की आवश्यकता है।

प्रेस वार्ता में लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शंभू दयाल बघेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्याम सुंदर सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव एवं इस चिंतन शिविर के प्रभारी श्री अरुण प्रताप सिंह प्रदेश प्रवक्ता श्री असगर खान श्री विकास कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

**असगर खान**
**प्रदेश प्रवक्ता**
**लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश**

अपनी बात
संपादकीय

# लोकतंत्र में सामंतवाद

*कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए।*

वैसे चर्चा पहले से थी, लेकिन अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि मारन को अपना ओपचारिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। ठीक उसी तरह जैसे उनके पिता एम। करुणानिधि ने स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाया था। करुणानिधि ने अपनी दूसरी संतानों को भी राजनीति में यथासंभव स्थापित करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाई। उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बना दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे एक स्वाभाविक घटना के रूप में लिया गया है। यहां तक कि अखिलेश यादव सहित कुछ नेताओं ने उदयनिधि को वधाई भी दी है। अखिलेश खुद अपने पिता का उत्तराधिकार संभाल रहे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अजीबोगरीब कहानी है। आज देश का नक्शा लेकर राज्य दर राज्य नज़र डालिए, तो ऐसे उत्तराधिकारी हर जगह नजर आएंगे! ऐसी घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि अब वैसा गुस्सा नजर नहीं आता, जिसकी कभी कांग्रेस को भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।

जब इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में संजय गांधी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में आगे बढ़ाना शुरू किया, तो समाज में उसको लेकर एक तरह की वितृष्णा देखी गई। एक विमान हादसे में संजय गांधी की मौत के बाद जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को उनकी पायलट की नौकरी छुड़वा कर राजनीति में खींच लाईं, तो यह वितृष्णा और बढ़ी। जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाया गया, तो अनेक लोगों ने कहा था कि यह घटना भारतीय नागरिकों को 'प्रजा' बना देना है।

कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए। भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियां ही शायद ऐसे दल बचे हैं, जहां सर्वोच्च स्तर पर वंश के आधार नेतृत्व तय नहीं हुआ है। हालांकि निचले स्तर पर वहां भी ऐसी मिसालें कम नहीं हैं। इस तरह चुनावी लोकतंत्र में सामंतवाद की वापसी हो गई है। अब चुनावों में सवाल सिर्फ यह रह गया है कि लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे!

# भारत का ये दौर!

*भारतीय समाज में अंधविश्वास का प्रचार और उसके क्रूर नतीजे क्यों सहज स्वीकार्य हो गए हैं? जैसे कि नफरत स्वीकार्य हो गई है। नफरत की ताजा मिसाल कानपुर में बांग्लादेश के साथ चल रहे क्रिकेट टेस्ट के दौरान देखने को मिली है।*

उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के एक प्राइवेट स्कूल में स्कूल के प्रबंधकों ने मिल कर दूसरी कक्षा के छात्र कृतार्थ की गला घोंट कर हत्या कर दी। इन मैनेजरों को किसी तांत्रिक ने बताया था कि वे स्कूल के किसी छात्र की बलि चढ़ा दें, तो स्कूल मशहूर हो जाएगा। बताया जाता है कि कुछ समय पहले इन लोगों ने एक अन्य छात्र को मारने की कोशिश की, लेकिन छात्र शोर मचाने में कामयाब हो गया। हैरतअंगेज है कि वो मामला दबाने में ये मैनेजर सफल हो गए। कुछ दिन बाद उन्होंने कृतार्थ की जान ले ली। मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है, लेकिन इस घटना पर कोई राष्ट्रीय आक्रोश नहीं दिखा। किसी बड़े नेता ने इसकी निंदा नहीं की।

यानी इसे अपराध की एक सामान्य घटना समझ लिया गया। यह हमारे आज के समाज के बारे में क्या बताता है? भारतीय समाज में अंधविश्वास का संगठित प्रचार और उसके क्रूर नतीजे क्यों सहज स्वीकार्य हो गए हैं? जैसे कि नफरत स्वीकार्य हो गई है। नफरत की ताजा मिसाल कानपुर में बांग्लादेश के साथ चल रहे क्रिकेट टेस्ट के दौरान देखने को मिली है। बांग्लादेश की एक टीम का एक समर्थक अपने शरीर को बांग्लादेश के झंडे के रंग कर और बांग्लादेश के प्रतीक चिह्न को चेहरे पर पेंट कर अक्सर वहां उपस्थिति होता है, जहां उसके देश की टीम खेल रही होती है। ठीक उसी तरह जैसे एक समय सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी का रूप बना कर उनके दो प्रशंसक दर्शक दीर्घा में मौजूद रहते थे।

पाकिस्तानी टीम के समर्थक 'चाचा' भी क्रिकेट में अपने ढंग ऐसा रंग जोड़ते रहे हैं। कभी 'चाचा' का भारत में भी खुब स्वागत होता था। मगर आज हालात ऐसे हैं कि बांग्लादेशी फैन की कानपुर में भारतीय फेन्स ने इतनी पिटाई की कि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। विचारणीय है भविष्य में जब कभी आज के भारत का इतिहास लिखा जाएगा, तो इन घटनाओं का चित्रण किस रूप में होगा? 21वीं सदी में भारत ऐसी संस्कृति में कैसे फंस गया और इसके लिए कौन जवाबदेह है, इतिहास इस पर अपना निर्णय अवश्य देगा।

## राजरंग

### उद्धव उम्मीदवारों की घोषणा के लिए तैयार

महाराष्ट्र में विपक्षी पार्टियों के महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारा फाइनल नहीं हुआ है। जानकार सूत्रों का कहना है कि अब भी करीब 25 फीसदी सीटों पर बंटवारा अटका हुआ है। सीटों की संख्या तय नहीं हो पाई है तो सीटों की अदला बदली पर भी सहमति नहीं बन रही है। इस बीच उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा करने का ऐलान कर दिया है। उनकी पार्टी की ओर से कहा जा रहा है कि नवरात्रों में पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची आ जाएगी। हालांकि अभी तक चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है और वह भी नवरात्रों में ही होने की संभावना है। आठ अक्टूबर को जम्मू कश्मीर और हरियाणा के चुनाव नतीजे आने के बाद ही महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव की घोषणा होगी।

जानकार सूत्रों का कहना है कि उद्धव ठाकरे चुनाव की घोषणा से पहले अपने कुछ उम्मीदवारों का ऐलान करके बढ़त लेना चाहते हैं। ध्यान रहे अभी भाजपा के गठबंधन यानी महायुति में भी सीट बंटवारा तय नहीं हुआ है। वहां अजित पवार की भूमिका को लेकर भी सहमति नहीं है। माना जा रहा है कि एक अक्टूबर को अमित शाह की यात्रा के बाद कुछ स्पष्टता आएगी। इसलिए उद्धव चाहते हैं कि महायुति में सीट बंटवारा तय हो उससे पहले वे अपने कुछ उम्मीदवारों को उतार कर चुनाव प्रचार शुरू कर दें। हालांकि कांग्रेस और शरद पवार की पार्टी के नेता उनके इस दांव को लेकर आशंकित हैं। उनको लग रहा है कि उनके ऊपर दबाव बनाने के लिए उद्धव ने यह दांव चला है। जो हो इतना तय बताया जा रहा है कि तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रों में लगभग सारे बड़े फैसले हो जाएंगे।

## दिल्ली में चुनावों पर ग्रहण



दिल्ली में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं लेकिन उससे पहले राज्य में होने वाले कई छोटे छोटे चुनावों पर ग्रहण लगा हुआ है। दिल्ली और आसपास के राज्यों खास कर हरियाणा की राजनीति का मूड बताने वाले डूसू यानी दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन के चुनाव की गिनती रोक दी गई है। चुनाव हो गया है लेकिन नतीजे अभी नहीं आएंगे। इस बीच दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की एक खाली सीट के लिए चुनाव हुआ तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने उसका बहिष्कार कर दिया। अकेले लड़ कर भाजपा उस चुनाव में जीत गई। अब आप ने इसे अदालत में चुनौती देने का फैसला किया है।

दूसरी ओर भाजपा ने एक सीट का चुनाव होने के बाद स्थायी समितियों के गठन के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इससे ऊपर दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं हो रहा है। मौजूदा मेयर आम आदमी पार्टी की शैली ओबेरॉय हैं, जिनका कार्यकाल खत्म हो गया है। लेकिन जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वे मेयर की जिम्मेदारी निभा रही हैं। कुल मिला कर राजधानी दिल्ली में सरकार के कामकाज के साथ साथ राजनीति में भी सब कुछ तदर्थ हो गया है।

सबसे पहले दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ के चुनाव की बात करें तो एक बड़ी हैरान करने वाली तस्वीर सामने आएगी। छात्र संघ के चुनाव प्रचार में अंधाधुंध खर्च और पूरी दिल्ली में होर्डिंग, पोस्टर लगाने का मामला हाई कोर्ट में पहुंच गया। हाई कोर्ट ने दिवारों की सफाई, होर्डिंग, पोस्टर हटाने और इस पर होने वाला खर्च प्रत्याशियों से वसूलने का आदेश दिया। इतना सब होने के बावजूद अदालत ने चुनाव पर रोक नहीं लगाई, बल्कि चुनाव के बाद वोटों की गिनती पर रोक लगा दी।

अब दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ के चुनाव के वोटों की गिनती 21 अक्टूबर को होगी। इससे यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और दूसरे जानकार भी हैरान हैं क्योंकि हर साल चुनाव इसी तरह से होता है और कभी कोई अदालत में चुनौती नहीं देता है। दूसरे चुनाव हो गया तो नतीजे रोकने का क्या मतलब है? इसके पीछे साजिश थ्योरी देखने वाले इस पूरे घटनाक्रम को हरियाणा की राजनीति से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार पहले दिन से कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के रौनक खत्री के चुनाव जीतने की संभावना थी। आरएसएस के छात्र संघ एबीवीपी के तुषार चौधरी पिछड़ रहे थे। तभी चुनाव को चुनौती देकर इसे इसे रूकवाने या नतीजे टालने का उपाय किया गया।

इसी तरह दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय का कार्यकाल इस साल अप्रैल में खत्म हो चुका है। लेकिन पांच महीने से मेयर का चुनाव टल रहा है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के टकराव की वजह से चुनाव नहीं हो पा रहा है। नगर निगम के चुनाव में 105 सीट जीतने वाली भाजपा 11 पार्षदों को तोड़ कर अपनी संख्या 115 पहुंचा चुकी है। दूसरी ओर 134 सीट जीतने वाली आप की संख्या 124 हो गई है।

मेयर के चुनाव में जम कर क्रॉस वोटिंग की संभावना है इसलिए चुनाव टल रहे हैं। स्थायी समिति के चुनाव में भी इसी तरह का नाटक हुआ। क्रॉस वोटिंग की चिंता में आप की मेयर चुनाव टाल रही थीं लेकिन उप राज्यपाल ने नगर निगम आयुक्त को आदेश देकर चुनाव करा दिया। इसमें अकेले लड़ कर भाजपा जीत गई और स्थायी समिति में उसका बहुमत हो गया। अब यह मामला भी अदालत पहुंचने वाला है।

## झारखंड में भाजपा का गठबंधन तय

झारखंड में भारतीय जनता पार्टी ने अपना गठबंधन तय कर लिया है। चुनाव के सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि 99 फीसदी सीटों पर सहमति बन गई है और एक, दो सीटें ही बची हैं, जिन पर जल्दी ही सहमति बन जाएगी। उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि भाजपा, आजसू और जनता दल यू मिल कर चुनाव लड़ेंगे। इसका मतलब है कि एनडीए की एक दूसरी बड़ी सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी को अकेले ही चुनाव लड़ना होगा। पिछले कुछ दिनों से लोजपा नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान झारखंड में मेहनत कर रहे थे। उन्होंने गठबंधन में 11 सीटें मांगी थीं या अकेले 40 सीटों पर लड़ने का ऐलान किया था। अब साफ है कि उनको भाजपा कोई सीट नहीं देना जा रही है।

लेकिन सवाल है कि जनता दल यू को कितनी सीटें मिलेंगी और कहां मिलेंगी? जमशेदपुर पश्चिमी सीट से निर्दलीय जीते सरयू राय जनता दल यू में शामिल हो गए हैं। उनकी एक सीट पक्की है। लेकिन वह सीट जमशेदपुर पश्चिमी होगी या उनकी पारंपरिक पूर्वी सीट होगी यह तय नहीं है। पश्चिमी सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की दावेदारी रही है। कहा जा रहा है कि उनके परिवार का कोई व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। इसी तरह आजसू को कितनी सीटें मिलेंगी इस पर भी सहमति नहीं है। आजसू की मांग 13 सीटों की है, लेकिन भाजपा आठ से ज्यादा सीट देने को तैयार नहीं है।

## कांग्रेस चार तो सपा दो सीटों पर आगे बैठेगी

लोकसभा में पार्टियों के बीच सीटिंग अरेंजमेंट लगभग तय हो गया है। लोकसभा स्पीकर के कार्यालय ने सभी पार्टियों से नाम लेकर उनके बैठने की व्यवस्था की है। इस व्यवस्था के मुताबिक लोकसभा में कांग्रेस को अगली पंक्ति में चार सीटें मिलेंगी और समाजवादी पार्टी को दो सीटें मिलेंगी। हालांकि कांग्रेस के नेता पांच सीटों की मांग कर रहे थे लेकिन उनको चार ही सीट मिलेगी। 37 सांसदों वाली सपा फायदे में रही। उसे दो सीटें मिलेंगी। तृणमूल कांग्रेस और डीएमके को अगली पंक्ति में एक एक सीट मिलेगी। सरकार की सहयोगी पार्टियों में जनता दल यू और टीडीपी को भी एक एक सीट मिलेगी। इनके अलावा ज्यादातर सीटें भाजपा के सांसदों को आवंटित होंगी।

सवाल है कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव अगली पंक्ति में अपने साथ किसको बैठाएंगे? सीटों का आवंटन होने से पहले फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद उनके साथ आगे बैठते थे। कहा जा रहा है कि अब भी अखिलेश उन्हीं को तरजीह देंगे। आखिर उन्होंने फैजाबाद सीटी जीती है, जिसमें अयोध्या भी शामिल है। सपा और दूसरी विपक्षी पार्टियां उनको ट्रॉफी की तरह प्रस्तुत कर रही हैं। वे दलित समाज से आते हैं। सो, उनको महत्व देने से उत्तर प्रदेश में भाजपा को दलित वोट का भी फायदा हो सकता है। बहरहाल, कांग्रेस की चार सीटों पर आगे बैठने वालों के नाम लगभग तय है। सदन के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ कांग्रेस संसदीय दल के उप नेता गौरव गोगोई आगे बैठेंगे। इनके अलावा सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को अगली लाइन में जगह मिलेगी।

## नीतीश को बिजली का स्मार्ट मीटर भारी पड़ेगा

बिहार में राजनीति अब बिजली के स्मार्ट मीटर पर जमीन सर्वेक्षण के बाद अब बिजली के स्मार्ट मीटर पर नीतीश कुमार की सरकार घिरी है। किसी को समझ में नहीं आ रही है कि आखिर चुनाव से पहले क्यों नीतीश सरकार ऐसे काम कर रही है, जिससे आम आदमी की परेशानी बढ़ रही है। बिजली मीटर के खिलाफ पहले आम लोगों ने आंदोलन किया लेकिन अब मुख्य विपक्षी पार्टी राजद ने इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है। राजद ने एक अक्टूबर से स्मार्ट मीटर के खिलाफ पूरे प्रदेश में आंदोलन का ऐलान किया है।



राजद नेता कह रहे हैं कि वे स्मार्ट मीटर निकाल कर फेंक देंगे तो दूसरी ओर नीतीश कुमार ने अपनी जिद दिखाते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर लग कर रहेगा। उन्होंने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ज्यादा से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान चलाएं। अभी तक पूरे देश में डेढ़ करोड़ के करीब स्मार्ट मीटर लगे हैं, जिनमें से अकेले बिहार में 50 लाख मीटर लगे हैं।

बिहार में लोग इसलिए परेशान हैं क्योंकि स्मार्ट मीटर प्रीपेड हैं। यानी लोगों को एडवांस में इसे रिचार्ज कराना पड़ रहा है और जैसे ही इसके पैसे खत्म हो रहे हैं वैसे ही बिजली कट जा रही है। बिहार सरकार आम लोगों के घरों में, जिनके पास आय के नियमित साधन नहीं हैं वहां प्रीपेड मीटर लगवा रही है लेकिन पटना में सरकारी बाबुओं और नेताओं की कोठियों में पोस्ट पेड मीटर लग रहा है। बहरहाल, चुनाव से पहले स्मार्ट मीटर का विवाद 2013 के अरविंद केजरीवाल के आंदोलन की याद दिलाने वाला है। 2013 के मार्च में केजरीवाल ने बिजली के बढ़ते बिल और डिस्कनेक्शन के खिलाफ आंदोलन किया था।

उन पर कई मुकदमे हुए थे। बाद में वे अनशन पर भी बैठे और 15 तक भूख हड़ताल की। इसके छह महीने बाद हुए चुनाव में उनकी पार्टी को 28 सीटें मिलीं और वे मुख्यमंत्री बने। उसके बाद से कांग्रेस का जो सफाया हुआ वह आज तक खाता नहीं खोल पाई है। केजरीवाल की तरह बिहार में तेजस्वी और प्रशांत किशोर की पार्टी आंदोलन की तैयारी में है।

# पड़ोसी देशों में सत्ता बदलने का अडानी कारोबार पर क्या असर?

अंकित राज

*भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी का प्रभाव बढ़ने के साथ ही उद्योगपति गौतम अडानी के व्यापार का विस्तार पड़ोसी देशों- बांग्लादेश और श्रीलंका में देखने को मिला। हालांकि अब दोनों देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद अडानी समूह के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। ...बांग्लादेश द्वारा यह समझौता रद्द किए जाने की 'आशंका' में कंपनी भारत में बिजली बेचने के लिए बैक-अप प्लान तलाश रही है।...अडानी की परियोजना श्रीलंका के सुप्रीम कोर्ट में विभिन्न आरोपों का सामना कर रही है।*

भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी का प्रभाव बढ़ने और उद्योगपति गौतम अडानी के व्यापार के विस्तार का समय लगभग एक ही रहा है। बीते दशक में अडानी समूह ने तेजी से बांग्लादेश, श्रीलंका और म्यांमार में अपना कारोबार फैलाया है। पिछले वर्षों में इन देशों में आर्थिक संकट गहराया है और राजनीतिक अस्थिरता आई है।

बांग्लादेश और श्रीलंका में जनता ने उस राजनीतिक तंत्र को उखाड़ फेका जिसे भारत का करीबी या 'भारत समर्थक' माना जाता था। बांग्लादेश में यह शेख हसीना की सरकार के साथ हुआ और श्रीलंका में गोटबाया राजपक्षे के साथ।दोनों ही देशों की जनता में एक मुद्दे पर रोष देखने को मिला- अडानी समूह के साथ उनकी सरकार द्वारा किया गया बिजली समझौता। अब इन समझौतों पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

### बांग्लादेश

नवंबर 2017 में अडानी पावर (झारखंड) लिमिटेड (एपीजेएल) ने बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत बांग्लादेश को अगले 25 साल तक एजेपीएल के झारखंड के गोड्डा में लगे प्लांट द्वारा उत्पादित शत प्रतिशत प्रतिशत बिजली को खरीदना है। इस समझौते की बांग्लादेश के बुद्धिजीवियों और विपक्षी दलों ने जमकर आलोचना की थी। बाद में आम जनता भी इसके विरोध में आ गई।साल 2023 में बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड ने अडानी पावर को पत्र लिखकरसमझौते को संशोधित करने का अनुरोध किया था।

अल-जजीरा के मुताबिक, बांग्लादेश पावर रेगुलेटर के पूर्व महानिदेशक बीडी। रहमतुल्लाह ने कहा था, 'ऐसा लगता है कि हमारी सरकार इस बिजली खरीद व्यवस्था को संशोधित करने या इससे बाहर निकलने का कोई इरादा नहीं रखती है, जबकि इसे लेकर असंतोष बढ़ रहा है।'

इन शब्दों की गूंज 2024 के आंदोलन में सुनाई दी थी, जिसके कारण शेख हसीना की सरकार का पतन हो गया।

पिछले दिनों बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से इंडियन एक्सप्रेस ने बताया था कि सरकार अडानी समूह के साथ हुए समझौते की शर्तों की समीक्षा करना चाहती हैं। साथ ही बिजली के लिए चुकाई जा रही कीमत को भी जांचना चाहती है।

बांग्लादेश द्वारा यह समझौता रद्द किए जाने की 'आशंका' में कंपनी भारत में बिजली बेचने के लिए बैक-अप प्लान तलाश रही है।इंडियन एक्सप्रेस ने एक अन्य रिपोर्ट में बताया है कि बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करने वाले गोड्डा संयंत्र को बिहार के लखीसराय में एक सबस्टेशन के माध्यम से भारतीय ग्रिड से जुड़ने की मंजूरी मिल गई है। हालांकि इसकी तैयारी पहले से चल रही थी।

इस साल 12 अगस्त को (इस दौरान बांग्लादेश में उथल-पुथल का दौर चल रहा था) केंद्र सरकार ने बिजली निर्यात संबंधी दिशानिर्देशों में संशोधन किया था, ताकि अडानी पावर को घरेलू बाजार में उस बिजली को बेचने की अनुमति मिल सके जिसे वह बांग्लादेश में बेचने के लिए बनाता है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, बांग्लादेश में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर अनु मुहम्मद ने इस समझौते को लेकर कहा है, 'यह सौदा बांग्लादेश में बिजली की हमारी मांग को पूरा करने के लिए नहीं किया गया था। यह अडानी और मोदी को संतुष्ट करने के लिए किया गया था।' आंदोलन खत्म होने के बाद भी इस समझौते के खिलाफ विरोध शांत नहीं हुआ है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के हितों की रक्षा का संकल्प लिया है। कुछ सरकारी अधिकारी भी अनुबंधों की पारदर्शिता पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में अडानी समूह को बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार से चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### श्रीलंका में भी लग सकता है झटका

बांग्लादेश के बाद श्रीलंका में भी सत्ता परिवर्तन से उद्योगपति गौतम अडानी के कारोबार को झटका लग सकता है। राष्ट्रपति पद के लिए हुए हालिया चुनाव में वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके की जीत हुई है, जो मार्क्सवादी-लेनिनवादी जड़ों वाली पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता हैं। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर वह जीतते हैं तो श्रीलंका में अडानी की 450 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना को रद्द कर देंगे। अनुरा ने इस समझौते को भ्रष्ट और देश के हितों के विरुद्ध बताया था।

जाहिर है, इस वक्त अडानी की परियोजना पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं, जिसके बारे में श्रीलंका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संसद के समक्ष कहा था कि परियोजना को अडानी समूह को देने के लिए नरेंद्र मोदी ने दबाव डाला था। अडानी की परियोजना श्रीलंका के सुप्रीम कोर्ट में विभिन्न आरोपों का सामना कर रही है। जब अडानी समूह को मन्नार और पूनरीण में पवन ऊर्जा परियोजना के प्रस्तावित निर्माण के लिए सरकार की मंजूरी मिली, कुछ याचिकाकर्ता इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं।

द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिकाकर्ताओं ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं और मंजूरी देने के लिए बोली प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी का मुद्दा उठाया है। याचिकाकर्ताओं ने यह भी तर्क दिया है कि 0.0826 डॉलर प्रति किलोवाट आवर की तय टैरिफ दर श्रीलंका के लिए नुकसानदायक होगी और इसे घटाकर 0.005 डॉलर प्रति किलोवाट आवर किया जाना चाहिए।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने प्रतिवादियों (सरकार, निवेश बोर्ड और केंद्रीय पर्यावरण प्राधिकरण) को 13 सितंबर से पहले आपत्तियों को दाखिल करने का आदेश दिया था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होनी है। अक्टूबर 2021 में गौतम अडानी ने श्रीलंका का दौरा किया था और राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से मुलाकात की थी। दोनों के बीच निवेश के अवसरों पर बातचीत हुई थी। इस यात्रा के छह महीने बाद अडानी समूह ने मन्नार जिले में और किलिनोची जिले के पूनरीण में दो ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका सरकार और अडानी समूह के बीच 12 मार्च को समझौता हुआ लेकिन उसकी शर्तों को सार्वजनिक नहीं किया गया। (साभार-दवायर)

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छुरा नगर के बुथ क्रमांक 131 में सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात, जिले में सदस्यता अभियान को सफल बनाने के दिए टिप्स

गरियाबंद - भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव रविवार को गरियाबंद जिले के छुरा नगर में आयोजित मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने छुरा के बुथ क्रमांक 131 में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 129 वी कड़ी का श्रवण किया। इसके बाद उन्होंने भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए। इसके पहले प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार छुरा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका मानस मंदिर पास आतिशबाजी और फुलमाला से जोशीला स्वागत किया। इस अवसर महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, रायपुर संभाग सह प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला सह प्रभारी किशोर महानंद, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भी उनके साथ मौजूद थे। मन की बात कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जिले में भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में सदस्यता अभियान की स्थिति अच्छी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने टारगेट बढ़ा दिया है। उन्होंने बुथ अध्यक्ष के साथ एक एक कार्यकर्ता को सक्रियता से इस अभियान को सफल बनाने में जुट जाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी ताकत और पूंजी है। कार्यकर्ता ही है जो भाजपा के लिए वातावरण बनाते है। आप सब की मेहनत से प्रदेश में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। चुनाव में जैसे उत्साह दिखा वहीं सदस्यता अभियान में दिखना चाहिए। इस दौरान विजय देवांगन को ऑनलाइन सदस्य भी बनाया।बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश फिर से सोने की चिड़िया बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। हम विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सुशासन का राज है। मोदी की गारंटी पूरी होने से किसानों, मजदूरों माता आए बहनों के चेहरे में खुशी है। कार्यक्रम को संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने भी सम्बोधित करते हुए सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष चिरंजीव देवांगन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केशरी ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती तोकेश्वरी मांझी, मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव, भाजपा आईटीसेल जिला संयोजक सागर मयाणी, आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक राकेश शर्मा, देवश्री सिन्हा, महामंत्री रामलाल कुलदीप, शिवशंकर जायसवाल, अजय दीक्षित, पाण्डुका मंडल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, सोमप्रकाश साहू, थानसिंह कंवर, इमरान अली, पार्षद मीना चन्द्राकर, चित्ररेखा ध्रुव, रजनी लहरे, भारती सोनी, शाला समिति के अध्यक्ष अनिता सिन्हा, शंकर सेन, शक्तिकेन्द्र प्रभारी नारायण सिन्हा, थानेश्वर कंवर रमेश सिन्हा, संतोषी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

बॉक्स - पहली बार छुरा पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस के लिए संगठन मायने नहीं रखता। वहां कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं। एक परिवार का राज चलता है। आजादी के बाद भी 67 साल कांग्रेस ने देश को फिर से गुलामी में ले जाने का काम किया। हालिया चुनाव भी में कांग्रेस ने झूठ फैलाने का काम किया। संविधान बदलने की अफवाह फैलाई।आरक्षण हटाने की बात कही। लेकिन आज मोदी जी प्रधानमंत्री बन गए, न संविधान बदला न आरक्षण हटा। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को भी आड़े हाथ लिया। सिंह ने कहा कि राहुल विदेश में जा कर उल्टा सीधा बयान देते है। देश की छवि धूमिल करते है। अनर्गल बयान देते है लेकिन आज देश की जनता ने उन्हें नकार दिया है।

**स्व सहायता समुह के बहनो ने भी भाजपा से जुड़ने में दिखाई दिलचस्पी**

## छुरा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के मौजुदगी में सदस्यता ग्रहण कर कहा भाजपा से जुड़ना गौरव की बात





गरियाबंद - रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की मौजुदगी में छुरा ब्लाक के ग्राम कोसमबुड़ा में स्व सहायता समुह की महिलाओ ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमति रूपकुमारी चौधरी ने मिस काल के माध्मय से उन्हे भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान स्व सहायता समुह की महिलाओ ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से कहा कि भाजपा से जुड़ना हमारे लिए गौरव की बात है। भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो गांव, गरीब किसान के सर्वांगीण विकास की चिंता करती है।

इसके पहले महिलाओ को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कहा कि महिला स्व सहायता समूह का गठन का उद्देश्य गांव और शहरों में महिलाओं को मजबूत करना हैं। 2010 में तत्कालिन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इसकी शुरूआत की थी। आज गांव गांव में महिला स्व समुह बन गए है। समुह से जुड़कर महिलाए आत्मनिर्भर हो रही और परिवार का पालन पोषण भी कर रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार गांव गरीबो और बहनो की चिंता करते है। प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनते सबसे पहले महिलाओ से किए वादे पर ध्यान दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की 70 लाख बहनो को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रूपए देने के मोदी के गांरटी को पूरा किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का ध्येय सिर्फ विकास है। इसे मजबुत करने और परिवार को बड़ाने पार्टी सदस्यता अभियान के तहत नए सदस्य जोड़ रही है। आप सभी भाजपा से जुड़कर पार्टी को मजबुत करे। इसके पहले महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमति रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि 2016 में प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री जन धन की शुरू की थी। पहली बार महिलाओ को खाते खुले। तब कांग्रेसी उपवाह उड़ाते थे खाते तो खुल रहे पैसे कौन डालेगा। आज आप देख रहे होंगे हर योजना का लाभ सीधे हितग्राहियो के खाते में जा रहा है। हर महिने महतारी वंदन योजना की एक हजार की राशि सरकार इन्ही खातो में सीधे भेज रही है। मोदी सरकार ने महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।इस अवसर पर संभाग सह प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला सह प्रभारी किशोर महानंद, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, महामंत्री अनिल चंद्राकर, आईटीसेल संयोजक सागर मयाणी, जनपद अध्यक्ष श्रीमति तोकेश्वरी मांझी, थानसिंह निषाद, थानेश्वर कंवर, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में स्व सहायता समुह की बहने उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर बीईओ बांगरे को अतिथि शिक्षकों ने दी भावभीनी विदाई

दबोह। शासकीय सेवा में रिटायरमेंट आवश्यक अंग है जो भी सरकारी सेवा में आता है उसे एक निश्चित दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है सेवानिवृत्त सभी होते हैं लेकिन उनमें से कुछ ही होते है जो अपने सेवाकाल को ईमानदारी और सेवा भाव से व्यतीत करते हैं आर के बांगरे जी ऐसे ही ईमानदार और सेवाभावी अधिकारी रहे यह बात अतिथि संघ के जिला पदाधिकारी अरविंद्र कौरव आचार्य ने बीईओ रविंद्र कुमार बांगरे के सेवानिवृत्ति पर आयोजित हुए कार्यक्रम में संबोधन देते हुए कहीं कार्यक्रम की शुरुआत क्ष्ब्द्ध ऑफिस लहार में की गई एवं समापन ऐतिहासिक प्रसिद्ध मंदिर श्री काँक्षी सरकार पर सम्पन्न हुई विदाई समारोह बड़ी संख्या में लहार विकास खंड से जुड़े शिक्षक पहुंचे जिन्होंने, बीईओ बांगरे को फूल माला गिप्ट देकर पहनाकर उनका सम्मान किया सेवानिवृत्त रविंद्र कुमार बांगरे ने अपने साथी शिक्षकों और अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि, सेवाकाल के दौरान मुझे जो आपका सहयोग मिला है मैं उसे जीवन भर याद रखूंगा उन्होंने कहा कि व्यवस्था बनाने में अगर मेरे द्वारा किसी का दिल दुखा हो तो मैं उससे क्षमा प्रार्थी हूं श्री बांगरे ने कहा कि नौकरी नियम कायदों के तहत की है व्यक्तिगत रूप से मेरा ना तो कभी किसी से दुराभाव था और ना ही आगे रहेगा वही उपस्थित शिक्षक सी.ए.सी जे.पी कुशवाह ने कहा शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता और समाज में दायित्व बड़ जाता है बांगरे जी का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा उन्होंने शिक्षक व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कुशलता के साथ कार्य किया उनके कार्य कुशलता व नम्र व्यवहार से सभी प्रभावित रहे एक अधिकारी के रूप में हर कार्य में वे सहयोग व सुझाव देते रहे बेहतर करने को लेकर प्रेरित करते रहे उनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकेगा वही लहार अरविन्द श्रीवास्तव ने बांगरे सर का कार्य की सरहाना करते हुए कहा आज एक अच्छे अधिकारी विभाग की सेवा से मुक्त हो गए जिन्होंने अपने सेवा काल में कार्य क्षमता का बेहतर परिचय दिया अंत मे गुरु हमेशा प्रकाश की ओर ले जाने का रास्ता दिखाता है यह बात इंजिनियर सुरेश अग्रवाल ने कही वही क्ष्ब्द्ध रविंद्र बांगरे की पुत्री पूर्व आई.ए.एस निशा बांगरे ने कहा भिण्ड का नाम सुनकर बचपन मे डर लगता था आज भिण्ड मे कदम रखा है भिण्ड की धरा पर आकर भिण्ड मे लगा है यहां महिला आगे है यहां का यह माहौल देश के लिए बेटी बचाओ बेटी पड़ाओ के लिए अच्छा सन्देश दे रहा है हमेशा हम आप सभी के लिए खडे है आपका हमेशा स्नेह बना रहे इस दौरान मंच का संचालन कप्तान कौरव ने किया इस सम्पूर्ण कार्यक्रम मे अतिथि शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह कौरव,ब्लॉक अध्यक्ष संजीव पाराशर,जितेंद्र चौहान,संजीव शर्मा,नरेंद्र राठौर,संजीव श्रीवास्तव,धर्मेंद्र कौरव, मान सिंह,गिरवर सिंह,गोविंद सिंह,कौशलेंद्र सिंह सीएसी जे पी कुशवाह,शिक्षक जेपी बघेल एवं बांगरे साहब के परिवार से उनकी पत्नी शैलनिधि बांगरे पुत्री पूर्व आई.ए.एस निशा बांगरे,दामाद सुरेश अग्रवाल,पुत्र रतनदीप,रतनशील, किशोर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## नवीन महाविद्यालय की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं के द्वारा हस्ताक्षर अभियान किया गया।



गरियाबंद तुषार मिश्रा

गरियाबंद/अमलीपदर-- पिछले कुछ वर्षो से ग्राम अमलीपदर में नवीन महाविद्यालय कि मांग को लेकर छात्र-छात्राओं के द्वारा तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सोपा गया था इस के पश्चात सरकार की कोई प्रतिक्रिया को नहीं देखते हुए छात्र-छात्राओं के द्वारा हस्ताक्षर अभियान एवं सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें 1000 से अधिक बच्चों का समर्थन मिला 7 तहसील अमलीपदर के समीप लगभग 20 से भी ज्यादा ग्राम पंचायत आते तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संख्या 7-8 तक जी प्रतिवर्ष 12वीं के छात्र 1000 से अधिक विद्यार्थी कॉलेज पढ़ने जाते हैं दूरी के कारण वर्ष कई विद्यार्थियों के द्वारा कॉलेज छोड़ दिया जाता है हमारे क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या अत्यधिक है अभियान के संचालक न्याय निर्माण सहयोग परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से सागर मिश्रा, धन्ना नागेश,अतुल ताम्रकार साहिल मिर्जा, प्रेमानंद , उमंग सिन्हा राज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## झूमकर बरसे बदरा,बस्ती हुई जलमग्न,घरों में घुसा पानी

**वार्ड 10 में पानी की निकासी की सही ढंग से व्यवस्था न होने से रहवासी हुए परेशान**



भितरवार। मानसूनी बदरा विदाई के समय झूमकर बरस रहे हैं। काली घटाओं के साथ छाए बदरा बीती रोज से काफी तेज बरसे, लगातार हुई बारिश से नगर की बस्तियां जलमग्न हो गईं। नगर वार्ड क्रमांक 10 के रहवासियों के लिए तो यह झमाझम बारिश काफी परेशानी भरी साबित हुई। निकासी की व्यवस्था सही न होने से बारिश का पानी कुछ लोगों के घरों जा पहुंचा। जानकारी के अनुसार बीते रोज शनिवार को देर शाम शुरू हुई बारिश रविवार को पूरे दिन हुई। कभी धीमी तो कभी झमझाम हुई वर्षात का पानी नगर के कुछ लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया। नगर की निकलीं बस्तियां जलमग्न हो गईं। लोगों के कच्चे मकानों में बारिश का टपकता रहा। जिससे उनकी दिनचर्या गड़बड़ा गई। वहीं नगर के वार्ड क्रमांक 10 की गालियां बारिश के पानी से जलमग्न हो गईं। यहां पर बारिश के पानी की निकासी न होने तालाब का रूप ले गईं। गलियों का पानी कुछ लोगों के घरों तक जा पहुंचा। हर बार की तरह इस वार्ड के लोग बारिश के पानी से काफी परेशान हुए। ऐसी स्थिति में यहां के रहवासियों में स्थानीय निकाय के जिम्मेदारों के खिलाफ आक्रोश का वातावरण पैदा हो गया है। लोगों का कहना है। कि हमारी इस समस्या का नगर परिषद ने आज तक निराकरण नहीं किया।

**एनजीओ पाठशाला का चतुर्थ स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया**

## प्रदेश के स्वयं सेवी हुए उपस्थित,नवाचारों का हुआ आदान प्रदान

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

भोपाल। एनजीओ पाठशाला का चतुर्थ स्थापना दिवस भोपाल में धूमधाम से मनाया गया । आयोजन में मप्र की विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित सोशल सेक्टर के लगभग 110 एक्सपर्ट ने भागीदारी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.आर. के. पालीवाल, सेवा निवृत प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर, इनकम टेक्स, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि डॉ. योगेश कुमार, कार्यकारी निदेशक, समर्थन,प्रवीण पाठक, संभागीय समन्वयक, मप्र जन अभियान परिषद्, रीवा, डॉ. अनिल सिरवैया, अध्यक्ष, मप्र दलित चेम्बर ऑ? कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भोपाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.उपमा दीवान, कार्यकारी अध्यक्ष(स्ढ्ढत्रष्ठद्ध), बैतूल ने की। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर महात्मा गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी अतिथियों का सूत माला और प्लांट्स भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन एनजीओ पाठशाला के विजन, मिशन, उद्देश्य की प्रस्तुति कला मोहन द्वारा दी गई। एनजीओ पाठशाला की भूमिका की विस्तृत जानकारी देते हुए एनजीओ पाठशाला के कोर कमेटी के सदस्य और कार्यक्रम के सूत्रधार डा. परशुराम ने बताया की अनेक साथी सामाजिक बदलाव, कमजोर एवं वंचित वर्गों की सेवा,सामाजिक व्यवस्था परिवर्तन की भावना से अथवा दूसरों के काम से प्रेरित होकर, समाज में असरकारी अथवा नवाचारी काम करने आदि उद्देश्य से स्वयं सेवी संस्था, ट्रस्ट कम्पनी आदि का गठन कर लेते हैं किन्तु समय पर उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं हेंड होल्डिंग सपोर्ट न मिलने के कारण वह संस्था, योजना अथवा परियोजना का कुशल प्रबंधन एवं संचालन नहीं कर पाते । संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों, स्टाफ, कार्यकर्ताओं में अपेक्षित दक्षता एवं ऊर्जा न होने के कारण उनको निर्धारित लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं हो पाती है। इसलिए, संस्था से जु? संचालकों, बोर्ड के सदस्यों, स्टाफ अथवा वालंटियर्स आदि को विकास एवं चुनौतियों, संस्था के उद्देश्यों, विजन, मिशन, मूल्यों, रणनीति, कार्यों, बजट, आय-व्यय पत्रक, फंड जुटाने अथवा सक्षम मानव संसाधन तैयार करने, सोशल मीडिया पर वेबसाइट




बनाने एवं ब्रांडिंग करने, सामुदायिक गतिशीलता, नेटवर्किंग, पैरवी, एडवोकेसी, समुचित प्रक्रिया से वार्षिक प्रतिवेदन अथवा दस्तावेजीकरण करने की प्रारंभिक समझ नहीं होती। एनजीओ पाठशाला का यही उद्देश्य है की उनको असरकारी बनाकर उन्हें आगे बड़ाए और संस्थाएं स्वयं ही नेतृत्व एवं क्षमताशील बने जिससे वह समुदाय में बदलाव और नवाचार कर सकेंगे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालीवाल ने अपनी बात रखते हुए जैविक खेती पर मार्गदर्शन दिया और बताया यह क्यू जरूरी है।साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी की पुस्तक हिंद स्वराज्य को पड़ने की सभी को सलाह दी।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समर्थन के कार्यकारी निदेशक डा. योगेश कुमार ने कहा कि छोटी अथवा संसाधन विहीन संस्थाओं को बदलते समय के अनुसार विकास के मुद्दों पर समझ बनाने एवं एनजीओ के नेटवर्क में रहने का प्रयास करना चाहिए एनजीओ पाठशाला इसके लिए जिम्मेदार प्रयास कर रही है। उसी श्रृंखला में डा.अनिल सिरवैया ने ÷उद्यमिता विकास में ह्लह्ल की भूमिका÷ पर अपना उद्बोधन दिया, साथ ही कहा की डिक्की इसमें इनकी पूरी मदद करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ उपमा दीवान ने महिलाओं की शिक्षा और रोजगार पर जोर दिया वह स्वयं आदिवासी क्षेत्र में महिलाओं के लिए काम कर रही है।कार्यक्रम में कई तरह से स्वयं सेवी संस्थाओं और उनके सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिसमें श्री अरुण त्यागी स्मृति सम्मान पुरुस्कार प्रवीण पाठक रीवा को दिया गया। एनजीओपी स्वयं सेविता सम्मान शअनिमेष श्रीवास्तव,रोहणी कुमार बर्मन,अनिल शर्मा, सुश्री कीर्ति दीक्षित,नरेंद्र साकल्ले, सार्थक त्यागी ,शशि मिश्रा,लोकेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. मोनिका जैन,ज्ञानेंद्र तिवारी, श्रीमती एंजलीना दास (इनको दमोह ने लगभाग 15 सालो से किये गये सामाजिक कार्य और सामाजिक क्षेत्र में सक्रियाता हेतु) और शिवम् राजन वर्मा को दिया गया। सदस्यता अभियान सम्मान डॉक्टर राजीव जैन,बृजेश प्रताप सिंह और डॉक्टर परशुराम तिवारी को दिया गया। कार्यक्रम में श्री रवि राठौर एवं तत्संग बैंड टीम का सम्मान भी किया गया ।इनके कबीर सूफी भजन गायन और बैंड की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।श्रीमती कुमुद सिंह द्वारा खेल एक्टिविटी की गई जिसमे सभी सदस्यों ने पार्टिसिपेट किया और डॉक्टर राजीव जैन द्वारा प्रश्नोंतरी के द्वारा सभी सदस्यों को पुरुस्कार जीतने का मौका दिया गया ,जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों का शाल,श्रीफल और स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया और उपस्थित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोनिका जैन द्वारा किया गया।कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन, केक कटिंग, सहभोज,ओपन माइक, गीत संगीत के साथ हुआ।

# देश में पहली बार भिण्ड जिले में साधू ,संतों व महात्माओं के नेतृत्व में नेशनल हाईवे निर्माण को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन हुआ

### सिक्स लेन हाईवे और गौवंश की रक्षा के लिए साधू ,संत कलेक्ट्रेट गेट के पास अनिश्चित धरना प्रदर्शन पर बैठे







**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। देश में शायद यह पहली बार हो रहा है,कि भिण्ड जिले में आज जिले के आध्यात्मिक गुरुओं,संतों व महात्माओं के नेतृत्व में एक विशाल धरना प्रदर्शन किया गया है,जिसका मुख्य उद्देश्य भिण्ड को ग्वालियर व इटावा से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे के निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। यह हाईवे अब तक हजारों लोगों की जानें ले चुका है,जिसे मौत का हाईवे कहना बिल्कुल भी अतिशयोक्ति नहीं है। हजारों गौवंश भी इस मार्ग पर अपनी जान गंवा चुके हैं।धरना प्रदर्शन के लिए रैली बड़े हनुमान मंदिर अटेर रोड़ से प्रारंभ होकर बाजार होते हुए कलेक्ट्रेट पहुँचकर आमसभा में तब्दील हो गई।पूर्व में इस हाईवे को बनाने की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री तक घोषणा कर चुके हैं,किंतु अभी तक इस पर कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं कर सके।मंच पर संबोधन करते दंदरौआ धाम के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज ने कहा कि यह न केवल एक निर्माण की समस्या है,बल्कि हमारे समाज के लिए यह शर्मनाक बात है,कि समाजसेवियों और आम जनता द्वारा अनेकों बार ज्ञापन देने और प्रदर्शन करने के बाद भी सरकार ने इस पर कोई कार्यवाही तक नहीं की हैं,उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर हो गई है,कि इस बार भिण्ड जिले के सभी आध्यात्मिक गुरु,साधू - संत और महात्माओं को आमजन और गौवंश के प्राणों की रक्षा के लिए समाजसेवियों द्वारा किए जा रहे इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने पर मजबूर होना पड़ा हैं।संत समाज के जिला अध्यक्ष कालिदास जी महाराज ने कहा कि सरकार को अब अपनी आँखें खोलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है,कि कई वर्षों से यह मुद्दा लंबित है और अब तक ठोस कार्यवाही की कोई पहल नहीं की गई है।संत महात्माओं एवं समाजसेवियों व आमजनता ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सड़क एवं परिवहन केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से आग्रह किया है,कि अतिशीघ्र इस नेशनल हाईवे की प्रक्रिया पूरी कर इसे सिक्स लेन हाईवे बनाने का लिखित आश्वासन दें,ताकि जनता को इस मौत के जाल से निजात मिल सके।धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से दंदरौआ सरकार के महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज,महामंडलेश्वर अवधूत श्री हरिनिवास जी महाराज, श्री प्रेमानन्द सरस्वती चामुंडा जी महाराज,श्री राघवपुरी जी महाराज, श्री कमलनाथ जी महाराज, भूमियां सरकार के पीठाधीश्वर श्री हरिओम जी महाराज सहित लगभग एक सैंकड़ा साधू ,संत महात्मा और सन्यासी एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी और जिले के नागरिक उपस्थित रहे। मंच का संचालन समाजसेवी सुनील फौजी व अन्य समाजसेवियों द्वारा किया गया ।

## सुबह-सुबह कोचिंग सेंटरों पर लहार टीआई रविंद्र शर्मा ने लगाई क्लास

### छात्र छात्राओं,शिक्षकों व कोचिंग संचालकों से किया संवाद



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। सोमवार को लहार थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा सुबह सुबह ही कोचिंग संस्थानों पर पहुंच गए वहां उन्होंने छात्र-छात्राओं को कोचिंग सेंटर के बाहर रोड पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा नहीं करने ,रोड जाम करके खड़ा ना होने की समझाइए दी,तो वहीं कस्बे में जगह -जगह घूमते मिले छात्रों को अनावश्यक नहीं घूमने की समझाइए दी।टीआई श्री शर्मा ने कोचिंग संचालकों को छात्रों के वाहन व्यवस्थित खड़ा कराने,कोचिंग पर छात्र आते समय व कोचिंग खत्म होने के पश्चात छात्रों को रोड से व्यवस्थित निकालना तथा सीसीटीवी कैमरे रोड पर लगवाने की समझाईश दी ।छात्र-छात्राओं को डायल 100 सेवा एंबुलेंस महिला हेल्पलाइन नंबर ऑन की सेवाओं से अवगत कराया।कोचिंग सेंटरों पर स्वयं का नंबर नोट करा छात्र छात्राओं को किसी भी तरह की परेशानी आने पर तुरत मदद करने का आश्वासन दिया ।

## विकसित विकास भारत के प्रेरक स्रोत थे माधव महाराज - सुनील दुबे

### निराश्रित बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित किए की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। विकसित भारत की सोच रखने वाले कैलाश वासी महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी ने भारत को हमेशा विश्व पटल पर अग्रिम पंक्ति में रखा उक्त विचार समाज सेवी सुनील दुबे ने माधवराव सिंधिया जी की 23 वी पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच में आयोजित कार्यक्रम में कहे और निराश्रित बच्चों को पाठ सामग्री,बैग,पेन,रफ कॉपी, पेंसिल आदि वितरित किए और उन्होंने कहा कि माधव राव महाराज की सोच हमेशा लोगों को समानता का अधिकार दिलाने की रही । उन्होंने हमेशा भेदभाव



मिटकर समग्र समाज के विकास की बात कही उन्होंने भिंड जिले को ही नहीं बल्कि पूरे देश को शिक्षा रेलवे व उद्योग के साथ-साथ सामाजिक समानता की सोच को आगे बढ़ाया। श्रीमंत कैलाश वासी महाराज साहब सिंधिया ने जिले को महाराजा जीवाजी राव सिंधिया कॉलेज जैसा एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिया एवं भिंड जिले को बड़े जिलों से जुड़ने के लिए रेलवे लाइन दी यह सब विकास दर्शाने के लिए और महाराज साहब की विकास के प्रति सोच को दर्शाने के लिए काफी है। कार्यक्रम में उपस्थित रहे प्रदीप सिंह भदौरिया मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी,राम अवतार शिवहरे प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी, उमाशंकर शर्मा, सुनील जैन अंकित दुबे,योगेश यादव,जितेंद्र यादव,मोहित पांडे आदि लोगों ने पुष्पांजलि कर नमन किया।

## महाराष्ट्र कप का हुआ आयोजन पुणे सीरवी ने जीती प्रतियोगिता नालासोपारा रहे उपविजेता

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**




पुणे - सीरवी स्पोर्ट्स क्लब पुणे द्वारा आयोजित महाराष्ट्र कप वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को बिबेववाड़ी स्थित राजयोग लॉन्स मैदान में हुआ। जिसमें समाज की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता का भव्य आगाज राष्ट्र गान व आईमाताजी की आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। फाइनल मुकाबला सीरवी पुणे टीम व नालासोपारा के बीच हुआ। जिसमें सीरवी पुणे टीम ने नालासोपारा को हराकर खिताब अपने नाम किया। नालासोपारा उपविजेता रही। तीसरे स्थान पर विमान नगर पुणे व चौथे स्थान पर जीडीएस खारघर रही। विजेता टीमों व खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुर्या इलेक्ट्रॉनिक के डायरेक्टर रमेश लचेटा, सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रांत के अध्यक्ष दिनेश गेहलोत, बिबवेवाडी वडेर के अध्यक्ष हीरालाल राठौड़, कासरवाड़ी वडेर के अध्यक्ष चन्दाराम भायल, बिजेपी के नेता उमेश भाई गेहलोत एवं समाज के अनेक पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में पधारे सभी पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य नागरिकों का सीरवी स्पोर्ट्स क्लब पुणे की ओर से माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर सुर्या इलेक्ट्रॉनिक के डायरेक्टर रमेश लचेटा ने स्पोर्ट्स क्लब पुणे आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें खुशी है कि इस प्रतियोगिता में इतनी सारी टीमों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा मौका था अपने कौशल को दिखाने का और हमें उम्मीद है कि अगले वर्ष और भी ज्यादा टीमें भाग लेगी। महासभा अध्यक्ष दिनेश गेहलोत ने खिलाड़ियों को बधाई दी। गेहलोत ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाली बालिकाओं को पुरूस्कार दिया। स्पोर्ट्स क्लब की ओर से सफल आयोजन में समर्पण भाव से कार्य करने वाले सभी खेल परिवार सदस्यों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में भोजन की व्यवस्था बाबूलाल पंवार ने की। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की। स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बाबूलाल पंवार का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सीरवी स्पोर्ट्स क्लब के मिश्रीलाल गहलोत, लालाराम गहलोत, दिनेश वरपा, दलाराम सोलंकी, अशोक परिहार सहित स्पोर्ट्स क्लब के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य नागरिक तथा सैकड़ो की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# उपभोक्ता भण्डारो की अदला बदली में अटका गरीबो का राशन वार्ड न.08 की लगभग 170 पर्चियों का राशन हुआ गायब-पार्षद लालता कुशवाह







दबोह- नगर में इन दिनो गरीबो को मिलने बाले राशन को लेकर बड़ा हंगामा मचा हुआ है।राशन मिलने बाले उपभोक्ताओं के अनुसार पिछला समूह(उपभोक्ता भंडार संचालक) एक महीने की रशीद काटकर गायब हो गया उनका कहना है कि हमारे पास से शासन ने दुकानें बापस लेकर पं.दीनदयाल उपभोक्ता भंडार को दे दी है।अब आपको राशन पं.दीनदयाल उपभोक्ता भण्डार से मिलेगा जब नगर के उपभोक्ता अपनी-अपनी पर्ची लेकर पं. दीनदयाल उपभोक्ता भंडार पर राशन लेने पहुँचे तो अब पं. दीनदयाल उपभोक्ता भंडार बाले भी पिछ्ले माह का राशन देने से मना करने लगे और इस माह का अंगूठा लगाने के लिये बोल कर राशन लेने को कहने लगे।मामला दबोह नगर में पूर्व से संचालित दो शासकीय उचित मूल्य के उपभोक्ता भण्डारो इंदिरा गाँधी उपभोक्ता भंडार एवं पं. दीनदयाल उपभोक्ता भंडार का है।बताया जा रहा है कि इंदिरा गाँधी उपभोक्ता भंडार गरीब उपभोक्ताओ का अंगूठा लगवाकर हस्तलिखित पर्ची गरीबो के हाथों में थमाकर गायब हो गया है।अब सारे उपभोक्ता अपनी-अपनी पर्ची लेकर राशन के लिए दर-दर भटक रहे है।सोमवार के दिन जब पं. दीनदयाल उपभोक्ता भंडार संचालक अंगूठा लगवा कर पर्ची काटने पहुँचे तो नगरवासी उपभोक्ता भंडार संचालक पर भड़क उठे और पिछला राशन लेने की मांग करने लगे तो पं. दीनदयाल उपभोक्ता भंडार संचालक ने भी पिछला राशन देने से इंकार कर दिया और नई पर्ची बनवाने के लिए बोलने लगे।वहीं वार्ड नम्बर 08 के पार्षद लालता कुशवाह का आरोप है कि वार्ड में लगभग 170 उपभोक्ताओं का राशन गायब है,और नगर में इस वार्ड के अलावा भी हजारों लोग ऐसे हैं जिनका राशन उन्हें नही मिला।जिसकी शिकायत के लिए मैंने वरिष्ठ अधिकारियो को फोन पर सम्पर्क करना चाहा पर उनका फोन रिसीव नही हुआ।

### कम्प्यूटर की जगह हस्तलिखित पर्चियां थमाकर करते है ठगी

नगर में बीते कई महीनों से शासकीय उचित मूल्य की दुकान के उपभोक्ता संचालको की मनमानी चलती आ रही है।जिससे क्षेत्रीय प्रशासन से लेकर कोई जनप्रतिनिधि(नेता)भी बेखबर नही है।उपभोक्ता संचालको की मनमानी खबर लगभग सभी को रहती है परंतु इनकी जाँच और इन पर कार्यवाही करने की जहमत कोई नेता या अधिकारी नही जुटा पा रहा है और लगातार यह उपभोक्ता भंडार संचालक अपनी मनमानी करते आ रहे है।ताजा मामला सोमवार के दिन का ही है जहाँ उपभोक्ता भंडार संचालको की मनमानी के चलते गरीब अनपड़ लोगो पुनः बेबकूफ बनाते हुए नजर आ रहे थे क्योंकि यह लोग भी उपभोक्ताओं को कप्यूटर की पर्ची न देकर हस्तलिखित पर्ची दे रहे है।यदि कल फिर कोई दुकान बदलाव होता है तो कई गरीबो का राशन गायब हो जाएगा और वह गरीब पुनः हस्तलिखित पर्ची लेकर भटकते हुए नजर आएंगे।आखिरकार सवाल यह उठता है कि जब शासन के द्वारा सेल्समेनो को इलेक्ट्रॉनिक मशीन दी गई है तो क्यों यह उसकी पर्ची उपभोक्ताओं को नही देते हैं,आड़िर उपभोक्ता भंडार संचालको को कम्प्यूटर पर्ची देने में समस्या आती है.

### महीने में नियमित नही खुलती इसलिए लटक जाता है राशन

सम्पूर्ण मामला हस्तलिखित पर्ची से लेकर नियमित दुकानें न खुलने से होता है क्योंकि यह लोग एक दिन वार्ड या मोहल्ले में जा कर पर्ची काट देते है।और राशन देने की एक तरीके सुनिश्चित कर देते उस तरीख को यदि कोई उपभोक्ता नही पहुँचता है तो उसे हस्तलिखित पर्ची अपने पास रख कर राशन लेने के लिए अगले महीने की अगली तारीख का इंतजार करना पड़ता है।यह दुकानें केवल माह में एक या दो दिन ही खुलती है।इन्ही सब की आड़ में उपभोक्ता भंडार संचालक अपना घपला कर आंगे बड़ते नजर आते है।और गरीबो का राशन इन उपभोक्ता भण्डारो की अदला बदली में अटक जाता है। गरीब उपभोक्ता निरंतर अपने हक के लिए परेशान होता रहता है।

### गरीबो की झोली नही रहेगी खाली

सरकार वैसे तो बड़े बड़े वायदे करती है और वह साबित की करती है परंतु धरातल पर स्तिथि कुछ और ही है।सरकार ने कहा था कि गरीबो की झोली नही रहेगी खाली पर दबोह में मामला तो कुछ और ही है।यहां बता दें कि दबोह में पँडित दीनदयाल उपभोक्ता भंडार एक भाजपा नेता का ही है जो बर्षो से उस संचालित करते आ रहे हैं और सूत्रों की माने तो पिछ्ला रिकॉर्ड उठाकर देखा जाए तो ऐसा पहला घपला नही है ऐसे कई घपले सेल्समैन महोदय पूर्व में भी कर चुके हैं।वहीं बात करे तो भाजपा के ही नारा दे रही कि गरीबो की झोली नही रहेगी झाली पर यहां तो भाजपा के उक्त सेल्समैन महोदय ही गरीबो के हक पर डांका डाल रहे है।सूत्र यह भी बताते हैं कि लहार में पदस्थ खाद्य अधिकारी से उपभोक्ता भंडार संचालित करने वाले सेल्समैन के काफी गहरे सम्बंध है,जिसके चलते महोदय पर दया दृष्टि बनी हुई है और कोई कार्यवाही नही होती है।

### रेट सूची व स्टॉक नही है चस्पा

शासन के नियमानुसार उपभोक्ता भंडार संचालित करने वालो को दुकान रोजाना खोलने के आदेश है तो वहीं शासन के नियमानुसार दुकान के बाहर रेट सूची चस्पा करना व स्टॉक लिखना भी चस्पा करना अनिवार्य है।समझ से परे तो यह है कि जब इतना सब झोल है तो फिर वरिष्ठ अधिकारी महोदय पर कार्यवाही करने से कतरा क्यो रहे हैं।

### इनका कहना है-

1.नाज नही दे रहे है,पहले पर्ची कटी थी 26 तारीख को नाज देने के लिए बोला था परंतु अब मना कर रहे है आज का अंगूठा लगा नही रहे।
फूलवती देवी
वार्ड न.08 निवासी दबोह

2.पहले की पर्ची कटी रखी है परंतु गेहूँ नही दीये जा रहे आज अंगूठा लग चुका है लेकिन पर्ची देने से मना कर दिया है कि तुम्हारा आ नही रहा है।
कुशमा देवी
निवासी दबोह

3.पहले की 28 तारीख आठवें महीने की पर्ची कटी रखी है लेकिन गेहूँ नही मिल रहा बोल वो दुकान चली गयी अब कहाँ चली गयी हमे भी नही पता।
रसूले
निवासी दबोह

4.आपके द्वारा जानकारी दी गई है,अगर ऐसा कुछ है तो दिखवाते हैं।
**मनोज वार्ष्णेय**
**जिला खाद अधिकारी भिण्ड**

# ईशा देओल ने खींचा फैंस का ध्यान

हाल ही में अपने पति भरत तख्तानी से अलग हुईं एक्ट्रेस ईशा देओल इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। उन्होंतने अपने फैंस के लिए कई शानदार मोनोक्रोम तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीारों में एक्ट्रेस ईशा देओल बेहद बोल्डे दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीारों में उनके 'ओम' टेटू की भी झलक दिखाई दे रही है। उनके इस ग्लैमरस लुक देखकर उनके फैंस एक बार फिर से उनके दीवाने हो गए हैं। इन तस्वीहरों में खूबसूरती के साथ उनकी ताकत साफ देखी जा सकती है। उनकी इन तस्वी रों को देखकर उनके फैंस उनकी तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पाए। इंस्टाग्राम पर ईशा के 2.3 मिलियन फॉलोअर्स है। इसी प्ले टफॉर्म के जरिए अभिनेत्री ने फैंस को अपना बोल्डव लुक दिखाया। शेयर की गई फोटो में वह स्लीवलेस, फिगर-हगिंग आउटफिट में दिखाई दे रही हैं। उन्हों ने अपने बालों को एक स्लीक पोनीटेल में स्टाइल किया है। बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी ईशा ने 2002 में आफताब शिवदासानी के साथ 'कोई मेरे दिल से पूछे' में मुख्य भूमिका निभाकर बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्मा में उनके साथ संजय कपूर, जया बच्चन और अनुपम खेर भी थे।

इसके बाद वह 'ना तुम जानो ना हम', 'क्या दिल ने कहा', 'कुछ तो है', 'एलओसीः कारगिल', 'धूम', 'काल', 'दस', 'नो एंट्री', 'डार्लिंग', 'केश' और 'टेल मी ओ खुदा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। ईशा पिछली बार 2019 में राम कमल मुखर्जी द्वारा निर्देशित और असॉर्टेड मोशन पिक्चर्स के बैनर तले अरित्रा दास द्वारा निर्मित लघु फिल्म 'केकवॉक' में दिखाई दी थीं। इसमें तरुण मल्होत्रा, अनिंदिता बोस, सिद्धार्थ चटर्जी और डिंपल आचार्य भी मुख्य भूमिकाओं में थे।

वह प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्मित और निर्देशित वेब शो 'हंटरः टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में भी नजर आईं। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, बरखा बिष्ट, करणवीर शर्मा और राहुल देव हैं। यह अमेजन मिनी टीवी पर स्ट्रीम हो रही है। 42 वर्षीय अभिनेत्री को एक शॉर्ट फिल्म 'एक दुआ' में भी देखा गया था। वह जल्दर ही फिल्म 'में' और तेलुगु फिल्म 'हीरो हीरोइन' में दिखाई देंगी।


(फोटोः एएनआई)



# शाहरूख खान और रानी मुखर्जी को मिला आइफा अवार्ड

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनती रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फ़िल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) अवार्ड दिया गया। अबुधाबी में तीन दिन तक चलने वाले आइफा अवॉर्ड शो का दूसरा दिन बॉलीवुड सितारों के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिये दियाग गया। सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म एनिमल को दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्ककार विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म 12वीं फेल के लिये मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अनिल कपूर को फिल्म एनिमल के लिये दिया गया, जबकि शबाना आजमी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता( नेगेटिव रोल) का पुरस्कार बॉबी देओल को फिल्म एनिमल के लिये मिला। सर्वश्रेष्ठ कहानी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ लिरिक्स, सिद्धार्थ-गरिमा (एनिमल का गाना सतरंगा), सर्वश्रेष्ठ प्लेबेक सिंगर, भूपिंदर बब्बल ,गाना अर्जन वेली फिल्म एनिमल ,सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) शिल्पा राव, गाना चलेया फिल्म जवान के लिये दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रीब्यूशन टू इंडियन सिनेमा, जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी,अचीवमेंट ऑन कंप्लीटिंग 25 ईयर्स इन सिनेमा का पुरस्कार करण जोहर को दिया गया। बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

हेमा मालिनी, रेखा, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कोशल, शाहिद कपूर और कृति सनोन जैसे सितारे ने शामिल होकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण में से एक शाहरुख खान थे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि अपने खास अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन भी किया।

# आइफा के मंच पर रेखा ने दी शानदार प्रस्तुति



बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री रेखा ने अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फ़िल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) के मंच पर शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। रेखा ने लंबे अरसे के बाद अवॉर्ड समारोह में परफॉर्म किया है। रेखा ने आईफा के मंच पर शानदार प्रस्तुति से जलवा बिखेर दिया। आईफा के इंस्टाग्राम हैंडल पर रेखा की परफॉर्मेंस की झलकियां शेयर की गई हैं। रेखा ने गुलाबी रंग का लहंग-चोली पहना था। शीश पट्टी, मांग टीका, मल्टीलेयर्ड ज्वेलरी, नथ और दुपट्टा ओढ़े रेखा बेहद हसीन लग रही थीं। आईफा के इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किए फोटोज के साथ केप्शन में लिखा गया है, रात उस समय जगमगा उठती है जब प्रतिष्ठित और हमेशा चमकती रहने वाली रेखा नेक्सा आईफा अवाइर्स 2024 के मंच पर शानदार प्रदर्शन देती हैं।

# शाहिद कपूर ने अपनी मां को बताया जीनियस डांसर

(फोटोः एएनआई)



बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो शाहिद कपूर ने अपनी मां नीलिमा अज़ीम को जीनियस डांसर बताया है। शाहिद कपूर ने अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फ़िल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) के मंच पर अपने शानदार प्रदर्शन से धूम मचा दी और दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया।अपने ऊर्जावान नृत्य के लिए प्रसिद्ध शाहिद कपूर ने दर्शकों को नृत्य के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध की झलक दी, विशेष रूप से वह अपनी मां नीलिमा अज़ीम के बारे में बात करते नजर आये। अपनी मां नीलिमा अजीम के बारे में बात करते हुए शाहिद कपूर ने कहा, वह वास्तव में एक जीनियस डांसर हैं। मैं उनका एक प्रतिशत भी नहीं हूं।

# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के कॉमेडी किंग थे महमूद

अपने विशिष्ट अंदाज, हाव-भाव और आवाज से लगभग पांच दशक तक दर्शको को हंसाने और गुदगुदाने वाले महमूद ने फिल्म इंडस्ट्री में किंग ऑफ कॉमेडी का दर्जा हासिल किया, लेकिन इसके लिये उन्हें काफी संघर्ष का सामना करना पड़ा था और यहां तक सुनना पड़ा था कि वह न तो अभिनय कर सकते हैं ना ही कभी अभिनेता बन सकते हैं।बाल कलाकार से हास्य अभिनेता के रूप मे स्थापित हुए महमूद का जन्म 29 सितम्बर 1932 को मुंबई में हुआ था। उनके पिता मुमताज अली बाम्बे टाकीज स्टूडियो में काम किया करते थे। घर की आर्थिक जरूरत को पूरा करने के लिए महमूद मलाड और विरार के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनो में टॉफिया बेचा करते थे। बचपन के दिनों से ही महमूद का रूझान अभिनय की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे। अपने पिता की सिफारिश की वजह से महमूद को बाम्बे टाकीज की वर्ष 1943 मे प्रदर्शित फिल्म किस्मत में अभिनेता अशोक कुमार के बचपन की भूमिका निभाने का मौका मिला।

इस बीच महमूद ने कार ड्राइव करना सीखा और निर्माता ज्ञान मुखर्जी के यहां बतौर ड्राइवर काम करने लगे क्योंकि इसी बहाने उन्हें मालिक के साथ हर दिन स्टूडियो जाने का मौका मिल जाया करता था जहां वह कलाकारों को करीब से देख सकते थे। महमूद के किस्मत का सितारा तब चमका जब फिल्म नादान की शूटिंग के दौरान अभिनेत्री मधुबाला के सामने एक जूनियर कलाकार लगातार दस रीटेक के बाद भी अपना संवाद नहीं बोल पाया। फिल्म निर्देशक हीरा सिंह ने यह संवाद महमूद को बोलने के लिए दिया जिसे उन्होंने बिना रिटेक एक बार में ही ओके कर दिया। इस फिल्म में महमूद को बतौर 300 रूपये प्राप्त हुए जबकि बतौर ड्राइवर महमूद को महीने मे मात्र 75 रूपए ही मिला करते थे। इसके बाद महमूद ने ड्राइवरी करने का काम छोड़ दिया और अपना नाम जूनियर आर्टिस्ट एसोसिएशन मे दर्ज करा दिया।

बतौर जूनियर आर्टिस्ट महमूद ने दो बीघा जमीन, जागृति, सी. आई.डी., प्यासा जैसी फिल्मों में छोटे मोटे रोल किए जिनसे उन्हें कुछ खास फायदा नहीं हुआ। इसी दौरान महमूद ने ए.भी.एम के बैनर तले बनने वाली फिल्म मिस मैरी के लिये स्क्रीन टेस्ट दिया। लेकिन ए.भी.एम बैनर ने महमूद को स्क्रीन टेस्ट में फेल कर दिया। महमूद के बारे में ए.भी.एम की राय कुछ इस तरह की थी कि वह ना कभी अभिनय कर सकते हे ना ही अभिनेता बन सकते है। इसी दौरान महमूद अपने रिश्तेदार कमाल अमरोही के पास फिल्म में काम मांगने के लिए गए तो उन्होंने महमूद को यहां तक कह दिया कि आप अभिनेता मुमताज अली के पुत्र हे और जरूरी नही है कि एक अभिनेता का पुत्र भी अभिनेता बन सके।



बहुरंग

# 'गेम चेंजर' में राम चरण की धमाकेदार एंट्री


(फोटोः एएनआई)

साउथ सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'गेम चेंजर' में एंट्री को शानदार तरीके से दिखाया जाएगा। फिल्म में उनकी एंट्री 'रा माचा माचा' गाने से होगी। इसमें 1,000 डांसर दिखाई देंगे। बताया जा रहा है कि इस गाने में भारत के विभिन्न 'लोक नृत्यों' को शामिल किया गया है। दरअसल, 'रा माचा माचा' गाने को गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किया है। इस गाने में न केवल भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई देगी। साथ ही इसमें भारत के अलग-अलग 'लोक नृत्यों' पर डांसर थिरकते हुए दिखाई देंगे। इस गाने में आदिलाबाद का गुसाडी नृत्य, पश्चिम बंगाल का चाऊ नृत्य, उड़ीसा का घुमरा नृत्य, कर्नाटक का कुनिथा नृत्य समेत कई अन्य लोक नृत्या को बेहद खूबसूरत तरीके से पेश किया जाएगा। इस गाने को नकाश अजीज ने आवाज दी है। उन्होंने इस ट्रेक को तेलुगु, तमिल और हिंदी में गाया है, जबकि इसके बोल अनंथा श्रीराम ने लिखे हैं। निर्देशक ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, एक पूरे सीक्वेंस को एक्टर राम चरण ने एक ही शॉट में पूरा किया है। इस गाने को बहुत ही खूबसूरती के साथ बनाया गया है, इसमें कई राज्यों और संस्कृतियों का मिश्रण भी दिखाई देगा।

# सिनेमाघरों में फिल्म देखने का अनुभव बेहद खास: अमिताभ


(फोटोः एएनआई)

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि सिनेमाघरों में फिल्म देखने का अनुभव बेहद खास होता है। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 को होस्ट कर रहे हैं। शो के आगामी एपिसोड में, दर्शक महाराष्ट्र के बीड निवासी किशोर अहीर को हॉट सीट पर बैठे हुए देखेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक समर्पित लाइब्रेरियन, किशोर का सपना अपने गांव में एक शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने का है, जो उनका अपने प्यारे दादाजी के प्रति श्रद्धांजलि होगी। अमिताभ ने कहा, अक्सर ऐसा होता है कि जब मैं कोई फिल्म देखने जाता हूं, तो पहले फिल्म का शीर्षक पढ़ता हूं, लेकिन यदि एक महीने बाद कोई मुझसे पूछे कि मैंने कौन सी फिल्म देखी, मैं नाम भूल चुका होता हूं। मैं इसका ज़िक्र इसलिए कर रहा हूं क्योंकि आजकल फिल्मों की भरमार है। चाहे मोबाइल पर हो या थिएटर में, हर जगह फिल्मों के अनगिनत विकल्प हैं। किशोर ने कहा, हम आम तौर पर अपने मोबाइल डिवाइस पर फिल्में देखते हैं, जिस पर अमिताभ बच्चन ने जवाब दिया, मुझे इतनी छोटी स्क्रीन पर फिल्में देखना मुश्किल लगता है, यह थोड़ा अजीब लगता है।

# आइफा में दिखा यो यो हनी सिंह का पुराना अंदाज

'ब्राउन रंग', 'ब्लू आईज़', 'अंग्रेज़ी बीट' और अन्य गानों के जरिए युवा दिलों में पैठ बना चुके रैपर यो यो हनी सिंह ने कहा है कि उनके लिए 'साहस' किसी भी काम में सबसे महत्वपूर्ण है। अबू धाबी में चल रहे इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवाइर्स (आइफा) के अवसर पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जीवन में हर चीज करने के लिए साहस जरूरी है। मैं नई दिल्ली के एक छोटे से गांव करमपुरा से हूं। आज, मैं यहां आईफा जैसे ग्लोबल इवेंट में खड़ा हूं। जो चीज मुझे वापस ला रही है वह साहस है।

हनी सिंह 2010 के दशक में हिंदी संगीत उद्योग के सबसे अधिक डिमांड वाले कलाकारों में से एक थे। कई बॉलीवुड एल्बम को अपनी आवाज से सजाने वाले हनी सिंह ने कुछ हिंदी फिल्मों में भी अभिनय किया है। हालांकि, बाद में वह बाइपोलर डिसऑर्डर का शिकार हो गए और मनोरंजन उद्योग से दूर हो गए। ट्रीटमेंट और अपनी इच्छाशक्ति के बल पर फिर से संगीत की दुनिया में लौटे। हनी का 'साहस' से मतलब वो कठिनाइयां हैं जिसे उन्होंने अपनी इच्छाशक्ति के बल पर बेदम किया और फिर संगीत क्षेत्र में उल्लेखनीय वापसी की। संगीत और कला में एआई के बढ़ते उपयोग के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, तकनीक और कला का मिश्रण पसंद है। एआई खासकर संगीत के लिए अद्भुत है। हनी ने एक उदाहरण के जरिए इसे समझाया।


(फोटोः एएनआई)

# देश में पहली बार भिण्ड जिले में आध्यात्मिक गुरुओं,संतों व महात्माओं के नेतृत्व में नेशनल हाईवे निर्माण को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड । विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि भिण्ड जिले में आज जिले के आध्यात्मिक गुरुओं, संतों व महात्माओं के नेतृत्व में एक विशाल धरना प्रदर्शन** किया जा रहा है,यह भाजपा सरकार के लिए बहुत शर्मनाक घटना है।उन्होंने कहा कि इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य भिण्ड को ग्वालियर और इटावा से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे के निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित



करना है। यह हाईवे अब तक हजारों लोगों की जानें ले चुका है,जिसे मौत का हाईवे कहना बिल्कुल भी अतिशयोक्ति नहीं है। हजारों गौवंश भी इस मार्ग पर अपनी जान गंवा चुके हैं।यह न केवल एक निर्माण की समस्या है,बल्कि हमारे समाज के लिए यह शर्मनाक बात है कि अनेकों बार ज्ञापन देने और प्रदर्शन करने के बाद भी सरकार की आँखें नहीं खुली हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि इस बार भिण्ड जिले के सभी आध्यात्मिक गुरु, संत और महात्मा भी इस धरने में शामिल होने पर मजबूर हो गए हैं।इस संबंध में मध्यप्रदेश विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष श्री हेमंत कटारे जी ने कड़ा बयान देते हुए कहा है कि बीजेपी की भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार को अब अपनी आँखें खोलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई वर्षों से यह मुद्दा लंबित है और अब तक किसी भी ठोस कार्यवाही की कोई पहल नहीं की गई हैश्री कटारे ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है,कि अतिशीघ्र इस नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य पूरा कर इसे सिक्स लेन में तब्दील करने का आश्वासन दिया जाए, ताकि जनता को इस मौत के जाल से निजात मिल सके।

# यौन अपराधों मे शामिल आरोपियों पर लगातार जारी है पुलिस का प्रहार

## पुलिस दिन रात रख रही है निगरानी, लैंगिक अपराधों मे लिप्त आरोपियों की कराई जा रही परेड

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

महिला एवं बालिकाओ के विरुद्ध लैंगिक अपराधों (छेड़छाड़ एवं बलात्कार आदि) मे पूर्व से लिप्त आरोपियों को पुलिस ने किया चिन्हित आज दिनांक तक कुल 45 आरोपियों पर धारा 129 बीएनएसएस के तहत की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही 54 आरोपियों को थाना हाजिर कर पूछताछ मे डोजीयर रिकार्ड संधारण भी किया गया

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला स्तर पर महिलाओ एवं बालिकाओ के विरुद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है । इसी क्रम मे खरगोन जिले मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक श्री मनोहर सिंह बारीया के द्वारा जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारियों को महिला संबंधी अपराधों मे लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे जिला खरगोन मे जिले के समस्त थानों पर पूर्व से महिला एवं बालिकाओ के विरुद्ध लैंगिक अपराधों (छेड़छाड़ एवं बलात्कार आदि) मे लिप्त चिन्हित आरोपियों की पुलिस लगातार पतारसी कर कार्यवाही कर रही है । इन आरोपियों को पुलिस पर पुलिस दिन रात नजर रख रही है और इन्हे थाने बुलाकर परेड भी कराई जा रही है । दिनांक 29.09.2024 तक कुल 45 आरोपियों पर पुलिस ने धारा 129 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है व 54 आरोपियों को थाने मे हाजरी लगवा कर पूछताछ कर डोजीयर रिकार्ड संधारण की कार्यवाही की गई । यह कार्यवाही निरंतर जिले के समस्त थानों पर जारी रहेगी व महिला संबंधी अपराधों मे लिप्त आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, थाना हाजरी, निगरानी व डोजीयर रिकार्ड संधारण भी पुलिस के द्वारा किया जा रहा है ।

## हिंदू महासभा ने क्रिकेट मैच के विरोध में पोस्टर लगाए

# 2 अक्टूबर को स्टेडियम पर काले झंडों के साथ होगा प्रदर्शन







**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर ।बांग्लादेश भारत क्रिकेट मैच ग्वालियर में नहीं खेला जाए, तिरुपति बालाजी में लड्डू में मिलावट करने वालों को फांसी दी जाए ,अमेरिका बांग्लादेश में मंदिर तोड़ने वालों को सजा दी जाए की मांग को लेकर सर्व प्रथम अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.जयवीर भारद्वाज के नेतृत्व में अखंड भारत प्रतिज्ञा दिवस से हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में आंदोलन रत है आज आंदोलन के सातवें चरण 2 अक्टूबर को काला दिवस एवं दोपहर को 3ः00 बजे हिंदू महासभा भवन से दौलतगंज से युवक हिंदू महासभा का विरोध प्रदर्शन काले झंडों के साथ शंकरपुर स्टेडियम पर विरोध करेगा । इसको लेकर आज हिंदू महासभाइयों ने घर-घर जाकर 2 अक्टूबर को प्रदर्शन में शामिल होने एवं 6 अक्टूबर को लश्कर दोपहर 1ः00 बजे तक बंद करने की लेकर पोस्टर लगाए और घर घर जाकर पोस्टर लगाए। पोस्टर लगाने वालों में मनीष सिकरवार भूपेंद्र नामदेव नितिन करोसिया देवेंद्र नामदेव आशीष चौहान सूरज चौहान ,जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा सहित अनेकों शामिल थे। 1 अक्टूबर को दोपहर 2 00 बजे हिंदू महासभा भवन दौलतगंज लश्कर पर कोर कमेटी की बैठक में 2 अक्टूबर एवं 6 अक्टूबर के कार्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा।हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज ने कहा कि सकल हिंदू समाज आज बांग्लादेश भारत क्रिकेट मैच का विरोध करने सड़कों पर उतारू हो गया है यही हमारे आंदोलन की विजय है। हिंदू महासभा ने जो घोषणा की है उसे घोषणा के अनुसार हिंदू महासभा विरोध करेगी।

हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा के नेतृत्व में 1 अक्टूबर को नई सड़क पाटनकर बाजार में दुकानदारों से संपर्क कर 6 अक्टूबर को बाजार 1ः00 बजे तक बंद करने का आग्रह करेगी।

# गरीबों को नि :शुल्क मिलेगी कानूनी सलाह, पैरालीगल वालेन्टियर की होगी नियुक्ति

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

## 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पैरालीगल वालेन्टियर की नियुक्ति की जाती है। पैरालीगल वालेन्टियर जरूरतमंद व्यक्तियों को कानूनी सलाह देने, सहायता करने का कार्य करते है। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि पैरालीगल वालेन्टियर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कानूनी जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के अंतर्गत संचालित योजनाओं में निःशुल्क कार्य करने के इच्छुक सामाजिक कार्यकर्ता/रिटायर्ड अधिकारी/कर्मचारी/शिक्षक, एमएसडब्ल्यू स्टुडेंट एवं शिक्षक, स्टुडेंट और लॉ स्टुडेंट (जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित न हो), एनजीओ क्लब के सदस्य, महिला समूहो, मैत्रीसंघो, स्व-सहायता के सदस्य एवं 10वी पास व्यक्ति पैरालीगल वालेन्टियर बनने के लिए आवेदन कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर में 15 अक्टूबर 2024 तक आवेदन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय मण्डलेश्वर एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति, न्यायालय बड़वाह, सनावद, भीकनगांव, खरगोन, कसरावद एवं महेश्वर में संपर्क कर आवेदन जमा कर सकते है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने की छापामार कार्यवाही

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



प्रयोगशाला जांच के लिए घी के विभिन्न ब्रांड के नमूने संग्रहित किये कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार खरगोन जिले में विक्रय किये जा रहे विभिन्न ब्रांड के घी की गुणवत्ता की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर प्रयोगशाला जांच के लिए घी के नमूने संग्रहित किये है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शारदा टेऊडर्स जवाहर मार्ग खरगोन से अनिक सौरभ घी के 03 नमूने, ब्रजेश टेऊडर्स कंपनी जवाहर नगर धौलपुर घी का 01 नमूना, वैदिक पूजन सामग्री, विश्वसखा कालोनी गौधारा गाय के घी का 01 नमूना, गुरुकृपा किराना, खलबुजूर्ग तहसील कसरावद से मालवा घी का 01 नमूना संग्रहित किया गया है।घी के नमूने जॉच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये है। जॉच में घी के नमूने अमानक एवं मिलावट युक्त पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओं एवं निर्माताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जाएगी। आगामी समय में जिलें की खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिवत कार्यवाही निरंतर की जाएगी। इस कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा श्री एच.एल. आवस्या, श्री आरआर सोंलकी एवं एन.एस. सोंलकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभात एग्री बायोटेक लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों द्वारा किसानों को कंपनी के प्रोडक्टस की दी विस्तृत जानकारी दी एवम फसलों से जुड़ी सुरक्षा व समस्याओं से भी अवगत कराया

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

जबलपुर। गोटेगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम श्रीनगर पंचायत में 28 सितंबर को प्रभात एग्री बायोटेक लिमिटेड हैदराबाद कंपनी के द्वारा शंकर मक्का रुद्रा 2244 का फसल प्रदर्शन का प्रशिक्षण कर एवं बैठक के माध्यम से किसानों को प्रभात मक्का रुद्रा 2244 एक नई किस्म प्रभात लेकर आई है से अवगत कराया। इसकी मुख्य विशेषता यह है कि पौधे की ऊंचाई बहुत कम एवं कैप्सूल सेगमेंट नारंगी दाने में पतली छुई है यह एक अच्छा उत्पादन देने वाली किस्म है जो किसानों को आय बढ़ाने में मदद करेगी पूरे सिवनी छिंदवाड़ा नरसिंहपुर जबलपुर बाजार में अपनी पहचान बनाने में रुद्रा 2244 प्रभात सीड्स का कामयाब रहा है किसानों को प्रभात सीड्स के मक्का के बारे में बताने के लिए कंपनी के प्रतिनिधि ऋरू तामेश्वर ठाकरे आए थे जिन्होंने मक्का के बारे में जानकारी दी और इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिनिधि मनोज शर्मा एवं अंकित चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रीनगर के शरद



पटेल के खेत में था एवं इस कार्यक्रम में श्रीनगर, ननवाड़ा, रामनगर, गोटेगांव एवम तलवाड़ा के किसान उपस्थित रहे जिन्होंने रुद्रा 2244 को अगले साल लगाने का विश्वास दिलाया। भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए कई अच्छी कंपनियों को आगे आने के लिए कहा है किसानों को अच्छी उपज अच्छी पैदावार मिले ऐसे बीच उन्हें उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार व मध्य प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध इसी कड़ी में जबलपुर में प्रभात सीड्स ने अपने बीज प्रदर्शन कार्य किया है जिसमें किसानों को बहुत अच्छी उपज इस समय मक्का में कृषि में प्राप्त हुई है कई किसान आगे इस कंपनी का बीज लेकर अपना क्षेत्र बढ़ाने की बात कर रहे हैं कई गांव के किसानों ने इस वर्ष की फसल को देखा उपज को देखकर कई किसानों ने अभी से अपना नाम मक्का के लिए अपने नाम लिखवा ए जिसमें अवधेश जी शर्मा बृजेश सिंह जी राजा सिंह जी गोविंद जी दुबे सज्जन सिंह जी आदि।किसान बृजेश सिंह जी राजा सिंह जी गोविंद जी दुबे सज्जन सिंह जी अविनाश जी आदी किसानों ने इस फसल को देखते हुए अपना अगली साल का टारगेट कृषि में दुगना करने का लक्ष्य लिया है।प्रभात सीड बायोटेक लिमिटेड के अधिकारियों ने फसलों की अन्य जानकारी भी किसानों के साथ साझा करी जिससे वह फसलों की समस्याओं व उनके समाधानों पर स्वयं से विचार कर उचित समाधान कर सकें।

# 9 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को फांसी की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## विशाल जन समुदाय के साथ महिलाओं ने भी किया प्रदर्शन, सड़क पर दिया धरना

अम्बाह । मुरैना जिला के कस्बा झोड़की गांव तहसील पोरसा निवासी की नौ साल की मासूम बालिका के साथ दुष्कृत्य करने वाले आरोपी का फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रकरण चलाकर फांसी दिये जाने की मांग इलाके में लगातार जोर पकड़ती जा रही है। यह घटना नगरा थाना क्षेत्र की है। घटना को लेकर जाटव व सखबार समाज सहित सभी वर्ग के लोग आक्रोशित है और अंबाह पोरसा में जगह जगह रैली, प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए जा रहे हैं। क्षेत्र में शनिवार को एक विशाल रैली निकाली गई। रैली में शामिल हजारों की भीड़ हाथ में तिरंगा और भारत के संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीरों के साथ संविधान को हाथ में लिए आरोपी को कठोर दंड देने की मांग को लेकर कर रहे थे प्रदर्शन। बिटिया को न्याय मिले, उदयवीर गुर्जर आरोपी को फांसी दो जैसे नारों के साथ रैली एसडीएम कार्यालय पहुंची जहां राज्यपाल के नाम का ज्ञापन एसडीएम अरविंद सिंह माहौर को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले अंबाह के पचासा मैदान पर शनिवार सुबह 11 बजे बहुजन समाज के आह्वान पर हजारों लोग एकत्रित हुए। यह सभी लोग 23 सितम्बर को पोरसा में नगरा थाना अंतर्गत बकरी चराने गई 9 वर्षीय बच्ची के साथ 33 वर्षीय उदयवीर गुर्जर पुत्र साहब सिंह गुर्जर के द्वारा घटित घटना पर सखवार समाज के लोग अपराधी से की गई बलात्कार की घटना से आक्रोशित थे। उस घटना से आक्रोशित बहुजन समाज के लोगों ने अंबाह में विशाल रैली निकाली, जो दोपहर करीब 12 बजे नगर के पचासा मैदान से शुरू होकर बाजार होते हुए मिडेला रोड़ स्थित एसडीएम कार्यालय पर पहुंची। जहाँ सभी लोगों ने प्रदेश के राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमे आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कोई भी वकील ना लड़े अपराधी की तरफ से केस, दोषी को मिले फांसी की सजा रैली से पहले जाटव सखवार समाज के लोगों सहित सर्व समाज की भीड़ पचासा मैदान पर एकत्रित हुई जहां मौजूद विधायक देवेंद्र सखवार ने दोषी युवक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की पूर्व विधायक सत्य प्रकाश सखबार ने दोषी युवक को कठोरतम सजा की मांग करते हुए पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता के तौर पर एक करोड़ रुपए देने की मांग राज्य शासन से की, डॉक्टर रामबरन सखवार ने नगरा थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की मांग की, रामेश्वर सखवार ने कहा कि जघन्य घटना घटित होने के बाद भी पीड़ति परिवार की लाइट दबंगों ने काट दी जिससे पता चलता है कि कानून का खौफ दबंगो में नहीं है, अमर सिंह के द्वारा कड़ी सजा देने की मांग की पूर्व विधायक कमलेश सुमन ने कहा कि पीड़ति परिवार को जल्द से न्याय मिले जिससे इस प्रकार की घटना रोकी जा सके इसी तरह भगवान सिंह देशलहरा ने वकीलों से अपील करते हुए कहा कि इस तरह के अपराधी का केस कोई भी वकील न लड़े कैप्टन राधेश्याम दंडोतिया ने कहा कि बहुजन समाज पर अन्याय अत्याचार बढ़ते जा रहे है अब हम सभी को एक जुट होकर इसका मुकाबला करना होगा भाजपा नेता रामस्वरूप सखबार ने कहा कि हम सब प्रदेश सरकार के मुखिया से मिलकर कठोरता कार्रवाई की मांग करेंगे अम्बाह जनपद के उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह सखवार ने कहा कि पीड़ति परिवार को सुरक्षा देने के साथ-साथ उनका बंदूक का लाइसेंस भी तत्काल मंजूर किया जाए वीरेंद्र सखवार मुरलीपुरा भिंड, गिर्राज जाटव, ब्रजकिशोर सखवार बिज्जू, प्रमोद सखवार पार्षद, संजय सखवार, नवल किशोर सखवार, पूर्व सीएमओ नत्थी लाल करोरिया, जितेंद्र सिंह करोरिया, इंजीनियर पवन किरार युवा पत्रकार ने कहा इस घटना की में कड़े सब्दो में घोर निन्दा करता हूं एवं अपराधी के घर पर तुरंत बुलडोजर जलवाया जाए। सामूहिक रूप से कहा कि दोषी व्यक्ति के खिलाफ कठोरता के साथ कार्रवाई की जाए जिससे आम जनता का कानून के प्रति विश्वास बना रहे भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष सुल्तान सिंह ने कहा कि हमें केवल अपराधी के लिए फांसी की सजा चाहिए इससे कम कोई भी समझौता नहीं चलेगा अजाक्स के जिला अध्यक्ष दिनेश दंडोतिया ने कहा कि अपराधी का मकान तोड़ा जाए। आजाद समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष रिंकू सिलावट ने कहा कि अपराधी के खिलाफ कठोरता कार्रवाई हो, नारायण सिंह सखवार ने कहा कि यह लड़ाई यहां नहीं थमनी चाहिए जरूरत पड़े तो हम दिल्ली तक जाएंगे और दोषी को सजा दिलाएंगे, वही इस विशाल रैली में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीओपी रवि भदोरिया, अंबाह टी आई सत्येंद्र कुशवाह, पोरसा टी आई रामनरेश यादब, दिमनी टी आई दीपेंद्र यादव, महुआ थाना प्रभारी पवन भदोरिया सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं ज्ञापन देने के बाद कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर विशाल जन सभा के द्वारा सड़क पर धरना भी दिया गया।








# क्षेत्र के यशश्वी डॉक्टर प्रिंस जयसवाल को धनवंतरी पुरस्कार से किया गया सम्मानित





कोरिया। स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक के पद पर पदस्थ डाक्टर प्रिंस जायसवाल एक ऐसा नाम है जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी किया है । विभाग द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन सही तरीके से करने के कारण उन्हें कई अवसरों पर सम्मानित भी किया जा चुका है । कोरिया जिले में दो हजार पन्द्रह से मार्च दो हजार बाइस तक स्वास्थ्य विभाग में जिला सलाहकार के रूप में डाक्टर प्रिंस जायसवाल ने अपनी सेवा दी । इसके बाद इसी जिले में जिला कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में काम किया । इस पूरे कार्यकाल के दौरान कोरोनाकाल का समय भी आया जब डाक्टर प्रिंस जायसवाल ने लोगो को सुरक्षित रखने अपनी जान की परवाह किये बिना मैदानी स्तर पर जाकर काम किया । जिसके चलते इन्हें कोरोना वारियर्स सम्मान भी तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर चरणदास महंत के हाथों मिला । इसके अलावा कोविड टीकाकरण महाअभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया । वही चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत जन्मजात हृदयरोगी बच्चो की निःशुल्क सर्जरी में उत्कृष्ट कार्य के लिए भी डाक्टर प्रिंस जायसवाल को सम्मानित किया जा चुका है । कोरिया जिले में किये गए कार्यो को देखते हुए इन्हें सूरजपुर जैसे ब? जिले की जिम्मेदारी दी गई है और वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग सूरजपुर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में पदस्थ है।

# दंदरौआ धाम मंदिर में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



ग्वालियर। शताब्दीपुरम स्थित दंदरौआ धाम मंदिर पर सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीरामकथा का आगाज हुआ। इस मौके पर 121 श्रद्धालु महिलाएं पीले वस्त्र पहन सिर पर कलश लेकर चलीं। दंदरौआ के महामंडलेश्वर रामदास महाराज एवं कथा व्यास पं. कपिल कृष्ण बग्घी पर सवार होकर चले। कथा परीक्षत साधना राजीव कोठारी सिर पर कलश लेकर चल रहे थे। केयर सोशल एंड मेडिकल सर्विस सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित कथा के लिए कलश यात्रा की भव्यता और आकर्षण देख श्रद्धालु भक्त आनंदित हो गए। सीताराम की झांकी को देख भक्त मुग्ध हो उठे। साथ ही बाहुबली हनुमान की सुंदर झांकी ने भक्तों को रोमांचित कर दिया, जिसके लिए विशेष आगरा से कलाकार बुलाए गए थे। राम लखन और सिया हनुमान के रूप में बाल कलाकारों ने सुंदर झांकी का प्रदर्शन किया। इस दौरान महामंडलेश्र रामदास महाराज दंदरौआ धाम से आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं में होड मची रही। कलश यात्रा सुबह 11 बजे डीडी नगर गेट नम्बर-1 से आरंभ हुई, जो डीडी के नगर के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए कथा स्थल शताब्दीपुरम दंदरौआ धाम पहुंची, जहां भव्य कथा पांडाल में श्रीराम कथा का वाचन करते हुए पं कपिल कृष्ण ने कहा कि रामकथा एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें सबकुछ समाहित है। श्रीमद्भागवत हमें मरना सिखाती है और रामकथा जीना सिखाती है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एसएन शुक्ला, भास्कर शर्मा( (भानु), ममता संतोष, मालती-राकेश, रंजना, मंगेश, अर्चना-सुधीर, ज्योति-राममोहन समेत समस्त यजमान परिवार एवं श्रद्धालु श्रोता मौजूद रहे।

# रामचरितमानस की धरोहर को समर्पित तुलसी महोत्सव 25 से




ग्वालियर। माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान-सम विश्वविद्यालय में 25 से 27 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहा है। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि तुलसी महोत्सव 24 जो कि गोस्वामी तुलसीदास और उनकी अमर कृति रामचरितमानस की अमूल्य धरोहर को समर्पित है। संस्कृति एवं साहित्य को समर्पित ये महोत्सव विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों के माध्यम से युवाओ को संस्कृति से जोड़ेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ 25 अक्टूबर को महामंडलेश्वर रामदास महाराज, महंत दंदरौआ धाम के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के विभिन्न संस्थानों के छात्र सहभागिता करेंगे। स्ढ्ढञ्जस् हिंदी समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया की महोत्सव के प्रथम दिवस पर शुभारम्भ के साथ 121 तुलसी के पौधे भी रोपे जाएंगे साथ ही विश्वविद्यालय में दीपोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा जिसमे 2100 दियो से परिसर जगमग होगा। इस आयोजन में पद्मश्री सम्मानित डॉ. कपिल तिवारी एवं पूर्व आईएएस व लेखक मनोज श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। साथ ही विद्यार्थियों को हमारे शास्त्रों के महत्व से परिचित कराने के लिए प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता आचार्य पुंडरीक गोस्वामी महाराज भी इस कार्यक्रम में पधारेंगे।

**25 को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन**-25 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रसिद्ध कवि व शायर अज़हर इक़बाल (दिल्ली),डॉ. करुणा सक्सेना (ग्वालियर), शिवांगी प्रेरणा शर्मा (भोपाल), धर्मवीर धरम (दिल्ली), प्रदीप तिवारी (अमेठी), अभिसार शुक्ल(लखनऊ), प्रतीक चौहान(भिण्ड) सहित अन्य कवि अपनी प्रस्तुति देंगे।

# सत्येन्द्र शर्मा ने कुष्ठ आश्रम में फल वितरण किया



ग्वालियर। कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी की पुणयतिथि पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर महानगर के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा ने आज कुष्ठ आश्रम में फल वितरण किया।

भाजपा के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी ने ग्वालियर अंचल में विकास की नई क्रांति लिखी और अंचल वासियों को अनेक सौगात दी आज वही विकास की गाथा को आगे बढ़ा रहे हे केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने एयरपोर्ट को कीर्तिमान समय के अंदर अन्तर्राष्टीय स्तर का बनाया वहीं बस अड्डा, एलीवेटेड रोड, 1000 बिस्तर का हॉस्पिटल, मुरार नदी, रेलवे स्टेशन, चमब्ल से पानी ग्वालियर आएगा, दिल्ली से ग्वालियर का सुपर कॉरिडोर रोड बनेगा, 31 करोड़ का सीएनजी प्लांट गौशाला में शुभारम्भ होने जा रहा है एवं 2 करोड़ की लागत से गौमाता के लिए शेड एवं भूसा भंडार गृह आदि का निर्माण कार्य कराया गया इसके साथ साथ अनेकों सौगात ग्वालियर अंचल वासियों को देकर के. माधवराव सिंधिया जी के सपनों को साकार कर रहे हे। महाराज माधवराव सिंधिया जी पुण्यतिथि के अवसर पर हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हे। कुष्ठ आश्रम में फल वितरण करने वालो में सत्येन्द्र शर्मा के साथ रजत सविता माधव पचोरी गौरव शर्माशिवांश चतुर्वेदी, लक्की राय हार्दिक झा शिवम् यादव अरबाज खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# नन्हे मुन्ने बच्चों ने सड़क पर उतर कर दिया स्वच्छता का संदेश



अनूपपुर । जिला मुख्यालय की सडकों पर 6-8 साल के नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता की अलख जगाते देख लोग चौंक गये। सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे लिटल चैम्प विद्यालय के यूनिफॉर्म में छोटे - छोटे बच्चों ने महात्मा गाँधी और अन्य महा पुरुषों की छवि धारण करके , हाथों में भारत माता की तस्वीर , झाड़ू और खिलौना गाड़ी लेकर गाडी वाला आया ,घर से कचरा निकाल कर की धुन पर ठुमकते - मटकते हुए बाल नृत्य शैली में लोगों को स्वच्छता को अपनाने और प्लास्टिक को त्यागने की अपील की।? इस अवसर पर जिला यातायात पुलिस बल के जवानों ने भी सडक सुरक्षा की दृष्टि से मोर्चा संभाल रखा था। समूचे आयोजन के दौरान अब्दुल कलीम के साथ यातायात पुलिस ने बच्चों के आयोजन को पूरा कव्हर देते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखी। बाल कलाकारों द्वारा चलाए गये स्वच्छता अभियान की सबसे मुक्त कंठ सराहना की है।

# पंजाबी सेवा समिति के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 450 रोगी लाभान्वित



पंजाबी सेवा समिति (झंग बिरादरी) का हरिहर मंदिर आदर्श कॉलोनी मे समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 450 रोगी लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम के संयोजक अजय सपरा एवं तिलक राज बेरी को बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श कॉलोनी पंचायत के अध्यक्ष बलवंत मदान जी रहे।शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दुष्यंत देव, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रशांत लहारिया, शुगर थायराइड डायबिटीज रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हेमंत गुप्ता, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एसपी साहनी एवं कमर दर्द, गर्दन दर्द, जो?ों के दर्द के विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर रजनीश नीखरा ने मरीजो को निशुल्क परामर्श दिया साथ ही शिविर में शुगर, बीपी , छ्वष्ट, थायराइड की निशुल्क जांच इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर श्वष्टत्र, लिपिड प्रोफाइल और ईको कार्डियोग्राफी की जांच निशुल्क की गई।

# इंटास फाउंडेशन अपना घर द्वारा आज प्रसिद्ध दंत चिकित्सक ने ओरल कैंसर विषय पर प्रशिक्षण दिया



ग्वालियर-/- इंटास फाउंडेशन अपना घर द्वारा मरीज के मानसिक शारीरिक एवं कौशल विकास हेतु कई तरह की सहभागिता गतिविधियां करता है इसी तारतम्य में आज अपना घर गीता कॉलोनी दाल बाजार में एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्वालियर के प्रख्यात दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक पाठक ने कैंसर पीड़ितों का परीक्षण किया एवं ओरल कैंसर प्रीवेंशन विषय पर संबोधित करते हुए बताया कि 2020 में भारत के 14 लाख नए मरीज मिले थे 2025 तक यहां आंकड़ा पंद्रह लाख सत्तर हजार तक पहुंचने की संभावना है वही 2040 तक यह अनुमान 20 लाख से अधिक कैंसर मामलों तक पहुंच सकता है भारत में बढ़ते कैंसर के मामले चिंता का विषय है बढ़ती उम्र जीवन शैली में बदलाव पर्यावरण प्रदूषण और तंबाकू की सेवन जैसे कई कारक इस प्रकृति में योगदान करते हैं शुरुआती पहचान और जीवन शैली में बदलाव इस बढ़ते स्वास्थ्य संकट को प्रतिबंधित करने में मदद कर सकते हैं इंटास फाउंडेशन की ओर से आज प्रोजेक्ट एसोसिएट नील सारस्वत एच पेप कंसलटेंट शुभम तोमर एवं प्रोजेक्ट काउंसलर स्वाति जैन सहित अनेक कैंसर रोगी एवं उनके अटेंडर उपस्थित थे

# भगत सिंह की जयंती पर व्याख्यान: मुख्य वक्ता मुकेश गुप्ता बोले- युवा ले भगत सिंह से प्रेरणा



हिंदू जागरण मंच ने शनिवार रात में सरदार भगत सिंह जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला का आयोजन किया। अतिथियों और गुरुसिंघ सभा के रविंद्रसिंह भाटिया, मनप्रीत सिंह भाटिया, सतविंदर सिंह भाटिया को भगवा पट्टिका भेंट कर अभिनंदन कियादेश की आजादी को समर्पित वीर बलिदानी सरदार भगत सिंह की जयंती पर नगर की देश प्रेमी जनता ने भगत सिंह के जीवन के उन पहलुओं को जाना, जिन्हें केवल किताबों तक ही रखा गया था। भगत सिंह के देश को आजाद कराने के जुनून के पीछे उनके परिवार की पृष्ठभूमि से लेकर उनके बम फेंककर दुनिया को अंग्रेजों के फैलाए देश की गुलामी के जाल से अवगत कराने तक की कहानी को जाना। जब व्याख्यान में मुकेश गुप्ता ने अपनी गंभीर, भावपूर्ण और ओजस्वी शैली में बताया, तब परिसर में उपस्थित हर देशभक्त श्रोता अपने आप में भगत सिंह को जी रहा था।व्याख्यान में देश भक्तों के इतिहास को ठीक से ना संजो पाने की कसक, भगत सिंह के अदालती कार्रवाई का कोई अभिलेख कहीं उपलब्ध ना होने पर भी उल्लेख हुआ। कार्यक्रम में मंच पर अतिथि जिला संचालक राजेंद्र साद, हिंदू जागरण मंच के निलेश वर्मा, सरदार परमीत सिंह (सन्नी भाटिया) की उपस्थिति रही। सन्नी भाटिया ने गीत गाकर भगत सिंह की जयंती पर देश के युवाओं ने उनसे प्रेरणा की अपेक्षा की।कार्यक्रम की भूमिका हिंदू जागरण मंच के समीर माहुले ने रखी। कार्यक्रम के पहले अतिथियों ने भारत माता और भगतसिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। विक्रम सिंह डांगरे के देशभक्ति गीत से प्रारंभ व्याख्यान में 1 घंटे से अधिक समय तक देशभक्ति की अविरल धारा बहती रही।संगठन के सदस्य जितेंद्र सिंह राजपूत, हिम्मत मेवाड़ी, गौतम सीरवी, धर्मेंद्र कछुवाहे, राहुल कुमरावत, कमल सिंह पंवार आदि उपस्थित थे। संचालन जितेंद्र सेन ने किया।

# सास और बहू को सांप ने काटा, बहू की हुई मौत :सास का अस्पताल में इलाज जारी

तेंदूखेड़ा/तारादेही- जिले के तारादेही में सर्पदंश का अनोखा मामला सामने आया है। जिसमें सांप के डसने से बहू की मौत हो गई और सास का इलाज चल रहा है। मामला अनोखा इसलिए है, क्योंकि सास व बहू के घर की दूरी दस किमी है। पहले बहू की मौत हुई थी, जिसके अंतिम संस्कार में आने के लिए सास तैयारी कर रही थी, तभी उसे भी सांप ने डस लिया

**इस तरह समझिए घटनाक्रम**-शनिवार की रात्रि तारादेही थाना अंतर्गत कुदपूरा गांव निवासी सूरजबाई उर्फ अंजनी पति रवि आदिवासी (24) को सोते समय सांप ने डस लिया। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थय केंद्र लेकर आए, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। जानकारी लगते ही रिश्तेदार उसके अंतिम संस्कार में पहुंचने की तैयारी कर रहे थे। कुदपूरा से दस किलोमीटर दूर फुलर गांव में मृतका की चाची रहती है, वह भी कुदपूरा जाने तैयार हो रही थी। तभी रविवार सुबह घर में आए रिश्तेदार के लिए वह चाय बना रही थी, उसी दौरान उसे भी सांप ने डस लिया। परिजन गंभीर हालत में महिला को अस्पताल ले गए। ग्राम पंचायत कूदपूरा के सरपंच पुशू सिंह ने बताया कि रात्रि में सोते समय एक नवविवाहिता को सांप ने डस लिया था। महिला को उपचार के लिए परिवार के लोग जिला अस्पताल ले गए,

# समाजसेवीयो द्वारा पितृपक्ष मे मुक्तिधाम मे साफ सफाई एवं एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपा



हटा- पित्रपक्ष के अवसर पर मुक्तिधाम हटा मे ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ कार्यक्रम मे विधायक श्रीमति उमादेवी जी खटीक ने परिसर की साफ -सफाई कर वृक्षारोपण किया। जिसमे 15 विभिन्न प्रकार के पौधे को रोपित किये गये।पितृ पक्ष की शुरुआत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से होती है।पितृ पक्ष को श्राद्ध के नाम से जाना जाता है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। श्राद्ध में पितरों को तर्पण और पिंडदान करने की परंपरा तीन पीढ़ियों से चली आ रही है। पितरों की मृत्यु की बरसी पर तर्पण और पिंडदान किया जाता है। पितरों का ऋण तर्पण श्राद्ध से ही चुकाया जा सकता है। इस प्रकार हमारे पूर्वजों का उद्धार हो जायेगा।पिंडदान, ब्राह्मण भोजन, तर्पण, दान आदि कार्य आरंभ हो जाएगा। पितृ पक्ष में तर्पण के अलावा कुछ खास पेड़ों की पूजा और जल अर्पित जरुर करें, इससे पितर प्रसन्न होते हैं। इन पेड़ों पर चड़ाएं जलपीपल का वृक्ष विशेषकर श्राद्ध पक्ष में लगाना चाहिए। इसके अलावा पितृ पक्ष के दौरान रोजाना पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाएं। ऐसा माना जाता है कि इससे परिवार में सौभाग्य आता है।पुराणों के अनुसार वहां पितरों का वास होता है इसलिए पितरों की तृप्ति के लिए पीपल के वृक्ष पर जल में दूध और तिल मिलाकर तर्पण करना चाहिए।पितृ पक्ष की हर शाम पीपल के पेड़ के नीचे तेल का दीपक जलाएं और पितृ सूक्त का पाठ भी करें। इससे पितृ दोष समाप्त हो जाता है। साथ ही वित्तीय संकट भी दूर होता है। के दौरान तुलसी की पूजा करने से पितर भी प्रसन्न रहते हैं और घर में देवी लक्ष्मी का वास होता है।पितृ दोष के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए पांच मुखी, सात मुखी, आठ मुखी और बारह मुखी रुद्राक्ष धारण करें। यदि यह विकल्प नहीं है तो आप नवग्रह रुद्राक्ष माला भी पहन सकते हैं।पितृ पक्ष के दौरान शाम के समय जल रखने वाले स्थान पर पितरों के नाम का दीपक जलाएं। ऐसा कहा जाता है कि इससे घर में सुख-शांति बनी रहती है।आज हटा में गौरीशंकर स्तिथ मुक्तिधाम में हटा समाजसेवियों सहित हटा विधानसभा की विधायक उमादेवी लालचंद खटीक के साथ मे चन्द्रभान पटैल जिला उपाध्यक्ष,शिवशंकर कुशवाहा, नारायण तंतवाय, मेजर विनय शर्मा,लखन मोदी,चंपी चौरसिया,पुष्पेन्द पाडे,,राजा विश्वकर्मा,खिल्लु सेन के साथ समाजसेवियो ने मुक्तिधाम में कई प्रकार के पौधे किये

# बीबीपीएस अनूपपुर की प्राचार्या सुश्री उन्नति जोशी प्रतिष्ठित स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 से सम्मानित ।




बाल भारती पब्लिक स्कूल, अनूपपुर की प्राचार्या सुश्री उन्नति जोशी को प्रतिष्ठित स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय प्राचार्य पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान आधुनिक शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान, नवाचार को बढ़ावा देने और 21वीं सदी के शिक्षार्थियों के लिए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए दिया गया। पुरस्कार 28 सितंबर, 2024 को अहमदाबाद के क्राउन प्लाजा में आयोजित ÷एक उपदेश शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मेलन÷ के दौरान प्रदान किया गया 7 यह राष्ट्रीय सम्मान सुश्री जोशी की शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट समर्पण और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को प्रदर्शित करता है, जिसने बीबीपीएस अनूपपुर को समग्र विकास के एक केंद्र के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बाल भारती परिवार इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सुश्री जोशी को हार्दिक बधाई देता है।

# नशे में धूत इंजॉय करते युवकों ने दो आदिवासी युवकों को चार पहिया वाहन से ठोंका।

अनूपपुर।रईस बाप के बिगड़े औलाद ने शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार वहां से सड़क पर कार्य प्रगति और निर्माण कार्य चलने के कारण सड़क संकीर्ण हो गया जिसकी वजह से घटना का होना बताया जाता है लेकिन बरगवां के दो युवक जो संरक्षित बैगा जाति के हैं वह भी इस सड़क से गुजर रहे थे इस दौरान शराब के नशे में इस कदर मस्त युवकों ने सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे पर दुपहिया वाहन से जा रहे कमलेश बैगा और दादू बैगा को हताहत करते हुए खंभे पर ठोक दिया।यह घटना उप स्वास्थ्य केंद्र बरगवां के पास की बताई जा रही है लगभग चार और पांच के बजे संध्या काल की घटना है जिस पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए जानकारी दी कुछ मिनट बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर उन शराबी युवकों को जो सोडा कास्टिक यूनिट में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों के बताए जा रहे हैं पकड़ते हुए वहां को जप्त किया गया और कार्यवाही के लिए चचाई थाने ले जाया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि जिस वाहन पर यह पांच युवक शराब पीकर सवार थे और तेज रफ्तार में चला रहे थे। दो पहिया वाहन चालक पैशन प्रो गाड़ी में जा रहे थे जिन्हें अचानक उठाकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478